CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-18-2026 23:12 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > **सोमवार, 19 जनवरी 2026** > पौष 30 शक 1947 माघ शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 16 > पेज 14* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक खरीद पर ही लागू


www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



**AR रहमान की सफाई- भारत मेरा घर, ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था** ▸p7



**ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सबालेंका** ▸p9






# इंजिनियर की हत्या का दोषी कौन?

**पिता बोले, बचाने के लिए न बोट थी, न ही कोई तैराक | कार के टॉप पर चढ़कर ढाई घंटे तक मांगी थी मदद | पुलिस ने बिल्डर के अधिकारियों पर की FIR**

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

**नोएडा सेक्टर-150** के गड्ढे में गिरकर जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता के पिता ने हादसे के एक दिन बाद कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि थोड़ा-सा भी सपोर्ट मिल जाता तो उनके बेटे की जान बचाई जा सकती थी।

युवराज के पिता राजकुमार मेहता ने कहा, 'बेटा जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था। हेल्प-हेल्प चिल्ला रहा था। ज्यादातर तमाशबीन थे। वे विडियो बना रहे थे। बच्चे की जान चली गई। उचित संसाधन नहीं मिला। शुक्रवार देर रात 12 बजे की घटना थी और सुबह छह बजे बचाव शुरू हुआ। उसके एक घंटे बाद शव मिला। मौके पर अधिकारी सक्षम नहीं थे। उनके पास बोट भी नहीं थी, कोई तैराक नहीं था। देर रात ढाई बजे मोबाइल की लाइट दिखनी बंद हो गई। यह नोएडा अथॉरिटी की लापरवाही है।' उनकी मांग है कि उचित कार्रवाई हो और वहां दोबारा ऐसी कोई घटना न हो इसके लिए पूरा इंतजाम हो।

**नोएडा में पानी से भरे गड्ढे में कार गिरने से हुई थी मौत**

इस मामले में रियल एस्टेट कंपनी एमजेड विशटाउन प्लैनर लिमिटेड और लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। बन रहे मॉल के बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में कार समेत गिर जाने से 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की शुक्रवार देर रात मौत हो गई थी। कार नाले की टूटी बाउंड्रीवॉल को पार करते हुए पानी भरे गड्ढे में जा गिरी थी। इंजिनियर मोबाइल का फ्लैश ऑन कर ढाई घंटे तक मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।



27 साल के युवराज मेहता की पिता के सामने ही जान चली गई

**इसी जगह हादसा:** नाले की टूटी बाउंड्रीवॉल को पार कर कार पानी भरे गड्ढे में गिर गई थी।

- ■ 16 जनवरी देर रात 12 बजे युवराज कार से सेक्टर-150 में मौजूद घर जा रहे थे
- ■ वह गुड़गांव की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजिनियर थे। बेसमेंट में गिर गई थी कार

**नोएडा सेक्टर-150 अभी पूरा बसा नहीं है। अथॉरिटी सर्वे कराकर रोड सेफ्टी का काम कराएगी।**
–सतीश पाल, एसीईओ, नोएडा अथॉरिटी

## चश्मदीद का दावा, पानी में नहीं उतरी पुलिस

**सेक्टर-150** के पास ही गढ़ी समस्तपुर गांव के रहने वाले मुनेंद्र घटना के वक्त वहीं से सामान डिलिवर करने जा रहे थे। उन्होंने भीड़ देखी। पुलिस भी मौजूद थी। मुनेंद्र ने बताया कि एक लड़का मोबाइल की लाइट जलाकर मदद के लिए चिल्ला रहा था। कोई भी पानी में उतरने को तैयार नहीं था। पुलिस ने भी पानी ठंडा और अंदर सरिया होने का हवाला देते हुए उतरने से इनकार कर दिया था। वह कमर में रस्सी बांध पानी में उतरे। आधे घंटे तक तलाशा भी।



पानी में बचाने उतरे थे मुनेंद्र

## इसी जगह गिरा था ट्रक

**मुनेंद्र** ने कहा कि करीब 15 दिन पहले इसी जगह पर रात के समय एक ट्रक नाले की दीवार तोड़ते हुए गड्ढे में गिर गया था। उस समय उन्होंने ही ट्रक ड्राइवर को पानी में कूदकर बचाया था। उन्होंने कहा कि इस बात का बहुत दुख है कि वह इंजिनियर को बचा नहीं पाए। मुनेंद्र ने कहा कि मौत अधिकारियों की लापरवाही से हुई है।

**हादसे के बाद ऐक्शन**

## जूनियर इंजिनियर को किया गया बर्खास्त

हादसे के बाद नोएडा ट्रैफिक सेल विभाग के जूनियर इंजिनियर नवीन कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। नोएडा अथॉरिटी के सीईओ ने लोटस बिल्डर के आवंटन और निर्माण कार्य की रिपोर्ट मांगी है। सेक्टर-150 क्षेत्र के आसपास ट्रैफिक से जुड़े काम के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



सोसायटी के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला।

## हादसे के दो दिन बाद की गई बैरिकेडिंग

**रविवार को** अधिकारियों ने मौके पर बैरिकेडिंग कराई। हालांकि लोगों ने इसे नाकाफी बताते हुए विरोध जताया। नोएडा पुलिस के जॉइंट कमिश्नर डॉ. राजीव मिश्रा ने कहा कि हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के जवान मौके पर पहुंचे थे। फायर विभाग के सीढ़ी, रस्सी और सर्च लाइट से बचाव का काम किया। उस समय जीरो विजिबिलिटी थी। जांच जारी है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में 8 जवान घायल



आतंकियों की तलाश के लिए इलाके में ऑपरेशन जारी।

■ **पीटीआई, जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में 8 जवान घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान 'ऑपरेशन त्राशी-I' टेफर के आसपास शुरू हुआ। संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान चतरू के सोनार इलाके में सुरक्षा बलों का आतंकियों से सामना हुआ। सेना ने बताया कि तलाशी दल पर दो से तीन आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग की और घेराबंदी तोड़ने के लिए ग्रेनेड भी फेंके। जवाबी कार्रवाई में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ियां मौके पर भेजी गईं। कुछ समय तक रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। आतंकियों की तलाश के लिए ड्रोन, स्निफर डॉग समेत निगरानी उपकरण तैनात किए गए हैं और ऑपरेशन जारी है।

**घेराबंदी तोड़ने को आतंकियों ने ग्रेनेड भी फेंके**

**WPL आज के मैच**

**गुजरात जायंट्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
7:30 pm से, गुजरात में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**NBT नवभारत टाइम्स Wealth**

**क्या आपने NBT Wealth लिया?**
पर्सनल फाइनैंस की खबरें आपकी भाषा हिंदी में।

**हर सोमवार पढ़ें NBT Wealth**
**सिर्फ 6 रुपये में**
अपने वेंडर से संपर्क करें या 18001205474 पर भी कॉल कर सकते हैं।

**NBT Wealth** आपको कैसा लगता है, इसमें क्या पसंद आता है और क्या नहीं? क्या और चाहते हैं आप? ऐसे विषयों पर आप कॉल करके अपनी बात नोट करा सकते हैं। आपका संदेश संपादक तक पहुंच जाएगा।

**कॉल करें 011-4978 0064 पर आज दिन में 11 से 12 बजे तक**

## फटाफट खबरें

### कराची के मॉल में आग, छह की मौत



पाकिस्तान के कराची में मॉल में भीषण आग लगने से एक अग्निशमन कर्मी समेत छह लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव कार्य कई घंटों से जारी है। शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण हो सकता है।


### UAE के राष्ट्रपति आज भारत आएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 19 जनवरी को भारत आएंगे। यह उनकी तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी। दौरे से व्यापार, निवेश को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर दबोचा

दिल्ली और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शूटर प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजस्थान में कारोबारी से रंगदारी मामले में वॉन्टेड था।

## ‘महाजंगल राज’ को खत्म करना चाहता बंगाल: PM



पीएम ने दो अमृत भारत ट्रेन को डिजिटली हरी झंडी दिखाई।

■ **पीटीआई, सिंगूर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के सिंगूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर कोई 15 वर्ष के 'महाजंगल राज' को खत्म करना चाहता है। अभी-अभी बीजेपी और एनडीए ने बिहार में जंगलराज को एक बार फिर से रोका है। अब पश्चिम बंगाल भी टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। वे घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वे उन्हें अपना वोट बैंक मानते हैं। अवैध प्रवासियों की पहचान करके उन्हें उनके देशों में वापस भेजना होगा।

**बोले, TMC सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही**



**अभी-अभी बीजेपी और एनडीए ने बिहार में जंगलराज को एक बार फिर से रोका है।**
– नरेन्द्र मोदी

**2-1 से सीरीज गंवाई**


## विराट का शतक, फिर भी हारा भारत

■ **पीटीआई, इंदौर:** न्यूजीलैंड ने भारत को तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में रविवार को 41 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने 2-1 से वनडे सीरीज भी अपने नाम कर ली। विराट कोहली ने वनडे की 54वीं सेंचुरी लगाई, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कीवियों ने डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में आठ विकेट पर 337 रन बनाए। जवाब में भारत की टीम 46 ओवर में 10 विकेट पर 296 रन ही बना सकी। कोहली ने 124 और हर्षित राणा ने 52 रन बनाए।



## प्रदूषण बढ़ा, दिल्ली के स्कूल हाइब्रिड मोड पर

### रविवार इस साल का सबसे प्रदूषित दिन रहा, लोगों को परेशानियां महसूस हुईं




Anushka Kogta

पूर्वानुमान के अनुसार, 19 से 21 जनवरी के बीच प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। आज राहत की है संभावना। | 23 जनवरी को तेज हवाओं के साथ बारिश आएगी। इसके साथ ही ठंड और कोहरे का एक और स्पेल शुरू हो सकता है।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद स्कूलों को लेकर नया आदेश जारी किया गया है। GRAP-4 लागू होते ही दिल्ली सरकार ने नर्सरी से लेकर कक्षा 9वीं और 11वीं तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में कराने का फैसला लिया है। इसके तहत ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों विकल्प उपलब्ध रहेंगे और यह व्यवस्था अगली सूचना तक लागू रहेगी।

शिक्षा निदेशालय के निर्देश के अनुसार यह आदेश DOE, NDMC, MCD और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू होगा। जिन स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा है, वहां अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने या ऑनलाइन पढ़ाई चुनने की छूट दी गई है।

वहीं, रविवार इस साल का सबसे प्रदूषित दिन रहा। दिल्ली का औसत AQI 440 रहा। फरीदाबाद में यह 247, गाजियाबाद में 458, ग्रेटर नोएडा में 402, गुरुग्राम में 378 और नोएडा में 430 रहा। स्मॉग की परत के बीच लोगों को परेशानियां महसूस हुईं।

**दिल्ली में 32 जगहों पर प्रदूषण गंभीर स्थिति में**

## ग्रीनलैंड में ट्रंप के विरोध में लोग सड़क पर उतरे



■ **एपी, नूक:** ग्रीनलैंड में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने ट्रंप के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज लहराए और 'ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है' के नारे लगाए। ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी टैरिफ की घोषणा से यूरोप में नाराजगी फैली।

## भारतीयों के AI खर्च हम क्यों उठाएं?: US

■ **NBT रिपोर्ट:** ट्रंप के ट्रेड अडवाइजर पीटर नवारो ने सवाल उठाया कि जब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) जैसे ChatGPT अमेरिका से ऑपरेट होता है, तो भारतीय यूजर्स के लिए खर्च अमेरिकी क्यों उठाएं? TOI के अनुसार, नवारो ने कहा कि AI प्लैटफॉर्म अमेरिका में बनाए जाते हैं, लेकिन उनकी सर्विस भारत सहित दूसरे देशों में दी जा रही है।



पीटर नवारो

## मुंबई में 'नगरसेवकों' को बचाने में जुटी पार्टियां

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**बीएमसी चुनाव** में बीजेपी 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, लेकिन मेयर किस दल का होगा, इसे लेकर चौथे दिन भी स्थिति साफ नहीं हो सकी है। खरीद-फरोख्त की आशंका के चलते सभी दल अपने-अपने नगरसेवकों को सहेजने में जुटे हैं। हॉर्स ट्रेडिंग के डर से उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नगरसेवकों को बांद्रा के एक होटल में ठहराया है। इस बीच रविवार को उद्धव सेना के 15 नवनिर्वाचित नगरसेवक नॉट रिचेबल हो गए, जिससे सियासी हलकों में अटकलें तेज हो गईं। उद्धव सेना के नेता संजय राउत ने कहा कि मुंबई का महापौर शिवसेना या ठाकरे बंधुओं का हो, लेकिन बीजेपी का नहीं। वहीं, बीजेपी नेता ने दावा किया कि मेयर महायुति का बनेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दावोस दौरे से 23 जनवरी को लौटने के बाद ही मेयर पद पर अंतिम फैसला होने की संभावना है। ▸▸ पेज 7



File

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने 29 नगरसेवकों को होटल में ठहराया।


### सिर्फ एक वोट ने ही पलट दिया परिणाम

■ **पीटीआई, मुंबई:** महाराष्ट्र के परभणी नगर निगम के वार्ड 1A में चुनावी मुकाबला रोमांचक रहा। शिवसेना (UBT) के कैंडिडेट व्यंकट डहाले ने बीजेपी प्रत्याशी प्रसाद नागरे को सिर्फ एक वोट से हराकर जीत दर्ज की। व्यंकट को 4,312 जबकि नागरे को 4,311 वोट मिले।

**नाराजगी** प्रयागराज के माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अनुयायियों के साथ धक्का-मुक्की, धरने पर बैठे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य

## काफिला रोका गया, शंकराचार्य ने नहीं किया स्नान

■ **NBT रिपोर्ट, प्रयागराज:** माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के काफिले को संगम घाट से पहले ही रोक लिया गया। इस दौरान, पुलिस और शंकराचार्य के शिष्यों के बीच धक्का-मुक्की हुई। शंकराचार्य की पालकी को भी पुलिस ने हटा दिया। इसके बाद पुलिस पर साधु-संतों के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए शंकराचार्य धरने पर बैठ गए। उन्होंने मौनी अमावस्या के स्नान का बहिष्कार किया। पुलिस का कहना था कि जुलूस के साथ संगम तट तक जाने की अनुमति नहीं है।



शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती



शनिवार आधी रात से ही घने कोहरे के बावजूद घाटों पर लोग पहुंचने लगे थे।

### 4 करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी

**माघ मेले** में मौनी अमावस्या के मौके पर रविवार को करीब 4 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अधिकारियों के अनुसार, श्रद्धालु शनिवार आधी रात से ही घने कोहरे के बावजूद घाटों पर पहुंचने लगे थे। रविवार सुबह तक हर दिशा से लोगों का आना जारी रहा। एक सीनियर मेला अधिकारी ने बताया कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सुबह हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर फूल भी बरसाए गए। इससे पहले, मकर संक्रांति पर लगभग 1.03 करोड़ लोगों ने संगम में पवित्र स्नान किया था।

## हैपी मॉर्निंग

**पिंटू:** पेड़ पर उल्टा लटका हुआ था। **पिंटू ने पूछा:** क्या हो गया?
**पिंटू:** कुछ नहीं, सिर दर्द की गोली खाई है, कहीं पेट में ना चली जाए।

## मौसम

अधिकतम तापमान 22.7°

5.3° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त सोमवार 5:50 | सूर्योदय मंगलवार 7:14

हिमालय क्षेत्र में 23 जनवरी से सबसे अधिक बर्फबारी हो सकती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: cci Time: 01-18-2026 22:59 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज त्रिपुरा मना रहा Kokborok Day

आज कोकबोरोक डे (Kokborok Day) है। आज ही के दिन 1979 में कोकबोरोक को त्रिपुरा की आधिकारिक भाषा का दर्जा मिला था। 'कोक' का मतलब है भाषा और 'बोरोक' का मतलब है लोग। यह दिन त्रिपुरा के ट्राइबल समुदायों की पहचान और प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है। दिलचस्प बात यह है कि कोकबोरोक भाषा का संबंध तिब्बती-बर्मी भाषा परिवार से है, जो इसे भारत की अन्य भाषाओं से अलग और खास बनाती है।



### भाषाओं के संरक्षण में AI होगा अहम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय लोकल और ट्राइबल भाषाओं के संरक्षण में आधुनिक तकनीक अहम भूमिका निभाएगी। AI, डिजिटल आर्काइव और स्पीच-टू-टैक्स्ट जैसी तकनीकें इन भाषाओं की बोलचाल, लोककथाओं और ज्ञान परंपराओं को सुरक्षित करेंगी। भाषा-लर्निंग ऐप्स, डिजिटल शिक्षा और सोशल मीडिया इन्हें नई पीढ़ी से जोड़ेंगे। तकनीक भाषाओं को सिर्फ सुरक्षित नहीं करेगी, बल्कि फिर से संवाद, शिक्षा और पहचान की जीवित भाषा बनाने में मदद करेगी।



AI Images

# उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की चेतावनी

## 1901 के बाद पहली बार हिमालय इतना सूखा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ठंड और** शीतलहर से परेशान हैं तो तैयारी कर लें। दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आ रहे हैं। उनकी वजह से भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने कहा कि दिसंबर से जनवरी का यह ठंड का दौर हिमालय के लिए 1901 के बाद के सबसे शुष्क दौर में रहा है। एक मजबूत वेस्टर्न डिस्टर्बेंस शुष्क ठंड के इस दौर को खत्म कर सकता है। अगले हफ्ते पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में लगातार दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहे हैं। इनकी वजह से 23 जनवरी को कुछ जगहों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 22 से 24 जनवरी के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत के के मैदानी इलाकों में भी बारिश की संभावना है।

**22 से 24 जनवरी तक दिल्ली में भी हो सकती है बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार, दिसंबर से जनवरी में उत्तराखंड में बिल्कुल बारिश नहीं हुई है। हिमाचल प्रदेश में 1901 के बाद से दिसंबर में छठी बार सबसे कम बारिश हुई। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी दोनों ही कम हुई है। इसी वजह से मौसमी बारिश को लेकर बढ़ती अनिश्चितता, जल सुरक्षा, वन अग्नि की संवेदनशीलता और कृषि उत्पादकता को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इंटरनैशनल सेंटर ऑफ इंटीग्रेटेड माउंटेन डिवेलपमेंट (ICIMOD) के सैटलाइट डेटा बता रहे हैं कि हिमालय में बीते दो दशकों की सबसे कम बर्फबारी हुई है। बीते 23 सालों में ऐसा कमजोर स्नो सीजन नहीं दिखा। एक्सपर्ट के अनुसार, धरती का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो बर्फबारी का मौसम और छोटा होगा।



जम्मू कश्मीर के हिल स्टेशन गुलमर्ग में 4 जनवरी को हुई थी बर्फबारी।

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 21 जनवरी तक जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी का अनुमान है। 22 से 24 जनवरी के दौरान काफी बड़े इलाके में बारिश और बर्फबारी होगी। 23 और 24 जनवरी को उत्तराखंड के काफी बड़े हिस्से में बारिश की संभावना है। 23 जनवरी को सबसे अधिक बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान 22 से 24 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान गरज के साथ दिल्ली में भी बारिश के आसार बन रहे हैं।


### देरी से बर्फबारी के गंभीर परिणाम

देरी से बर्फबारी होने का ग्लेशियरों, नदियों और जलप्रवाहों पर असर पड़ रहा है। दिसंबर और जनवरी के शुरुआती दिनों में गिरने वाली बर्फ लंबे समय तक कम तापमान की वजह से जमी रहती है। इसलिए यह धरती को लंबे समय तक नम रखती है। इसकी वजह से नदियों और पानी में प्रवाह धीरे धीरे बढ़ता है। लेकिन जनवरी के अंत, फरवरी और मार्च में ऊंचे तापमान की वजह से बर्फ जल्दी पिघलती है और सतह को अधिक देर तक नम नहीं रखती। यह जल्दी पानी बनकर बहने लगती है और प्रवाह बढ़ाती है।


## SPEED News



**बांग्लादेश के गाजीपुर में केले के विवाद में** हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या में 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। शनिवार को हुई हत्या में पकड़े गए तीनों आरोपी एक ही परिवार के हैं।



**पाकिस्तान में पंजाब की CM मरियम नवाज** के बेटे जुनैद की शादी को लेकर विवाद हो रहा है। जुनैद की बीवी ने भारतीय डिजाइनर का डिजाइन किया आउटफिट पहना था।



**सीरिया ने SDF के साथ सीज़फायर** का रविवार को ऐलान किया। इसके साथ ही सरकार ने देश के करीब पूरे हिस्से पर कंट्रोल कर लिया है। कुर्द ताकतें अब निष्क्रिय हो गई हैं।



**सर्बिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारों छात्रों** का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। इन युवाओं ने सरकार विरोधी रैली निकालकर लड़ाई का ऐलान किया।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# ग्रीनलैंड में ट्रंप का विरोध, यूरोपीय देश बोले- ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी

■ एपी, नूक (ग्रीनलैंड)

**ग्रीनलैंड की** राजधानी नूक (NUUK) में शनिवार को हजारों लोग बर्फ से ढंकी सड़कों मार्च करते दिखे। यह मार्च ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बयान के खिलाफ था। रणनीतिक और खनिज संपन्न आर्कटिक द्वीप ग्रीनलैंड पर अमेरिका ने कंट्रोल की बात दोहराई थी। प्रदर्शनकारियों ने ग्रीनलैंड का राष्ट्रीय झंडा लहराया, हाथों में तख्तियां उठाई और नारे लगाए- 'ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है।' यह मार्च नूक के छोटे से डाउनटाउन इलाके से शुरू होकर करीब 2 किमी दूर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक गया। जैसे ही मार्च खत्म हुआ, फ्लोरिडा से ट्रंप ने ऐलान किया कि फरवरी से वह 8 यूरोपीय देशों से आने वाले सामान पर 10% का टैरिफ लगाएंगे। ये 8 देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का विरोध कर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने कहा कि टैरिफ की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी।

मार्च में शामिल 21 साल की ग्रीनलैंड निवासी मलिक दोलरुप शाइबेल ने कहा कि उन्हें लग था दिन इससे ज्यादा हालात खराब नहीं हो सकता, लेकिन ट्रंप के टैरिफ का ऐलान हालात को और बिगाड़ने वाला है। शाइबेल ने कहा, यह दिखाता है कि ट्रंप को इंसानी भावनाओं की कोई परवाह नहीं है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नील्सन (Jens Frederik Nielsen) भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। आयोजकों के मुताबिक, यह नूक के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन था, जिसमें शहर की लगभग एक चौथाई आबादी शामिल हुई। इसके अलावा डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और कनाडा के नुनावुत (Nunavut) में भी एकजुटता रैलियां निकाली गईं।



AP

**'इतिहास का सबसे बड़ा प्रदर्शन':** ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में लोगों ने कहा- हमारा देश बिकाऊ नहीं, हजारों लोग प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए अपने बच्चों के साथ पहुंचे, फिर 2 किमी दूर US दूतावास तक मार्च किया

### यूरोप के 8 देशों पर ट्रंप का 10% टैरिफ

ट्रंप ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगा दिया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा।

## टैरिफ पर यूरोपीय देश बोले, धमकियों की जगह नहीं

■ एपी, कोपेनहेगन (डेनमार्क): 8 यूरोपीय देशों पर टैरिफ के मामले में ट्रंप का कहना है कि 10% का ये टैरिफ ग्रीनलैंड में यूरोपीय देशों की प्रतीकात्मक सैन्य तैनाती के जवाब में लगाए जाएंगे, जबकि यूरोपीय देशों का तर्क है कि यह कदम आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत करने के लिए उठाया गया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा कि आर्कटिक अब कम तनाव वाला क्षेत्र नहीं रहा है और इसी कारण नाटो साझेदार मिलकर पारदर्शिता के साथ सुरक्षा बढ़ा रहे हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे ने कहा कि सहयोगियों के बीच धमकियों की कोई जगह नहीं है। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने टैरिफ धमकी को ब्लैकमेल करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ कुछ देशों का नहीं बल्कि पूरे यूरोपीय संघ का मुद्दा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि किसी भी तरह की धमकी या दबाव, चाहे वह यूक्रेन हो या ग्रीनलैंड, स्वीकार्य नहीं है और टैरिफ की धमकियों का इस संदर्भ में कोई स्थान नहीं है। जर्मनी की संघीय सरकार ने कहा कि वह यूरोपीय साझेदारों के साथ करीबी समन्वय में है और सही समय पर उचित प्रतिक्रिया तय की जाएगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंडवासियों और डेनमार्क का विषय है। नाटो की सामूहिक सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर सहयोगियों पर टैरिफ लगाना पूरी तरह गलत है। नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील ने कहा कि व्यापार से असंबंधित मामलों में टैरिफ का इस्तेमाल अनुचित है और संवाद होना चाहिए, दबाव नहीं।

**गैर व्यापारिक मामलों में टैरिफ लगाना अनुचित है: नीदरलैंड्स**



**प्रदर्शन को** ग्रीनलैंड ने ऐतिहासिक बताया है, कहा कि शहर की एक चौथाई आबादी इसमें शामिल होने पहुंची थी।

# गाज़ा पर ट्रंप के 'पीस बोर्ड' में भारत भी; तुर्किये, कतर पर इस्राइल नाराज़

AP



गाजा में मृतकों के शव ढूंढने में लगी है एजेंसियां

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' में भारत को भी न्योता दिया गया है। तुर्किये और कतर के शामिल करने पर इस्राइल ने नाराजगी जताई है। वहीं, अब सिर्फ गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध तक यह बोर्ड सीमित नहीं रहने वाला है। यह बोर्ड धीरे-धीरे एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में आकार ले रहा है, जिसका मकसद बड़े संघर्षों को सुलझाना भी हो सकता है। एक्सपर्ट इसे UN के विकल्प के रूप में देख रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय ढांचे में बड़ा बदलाव आ सकता है।

गाजा में अगले कदमों की निगरानी के लिए बनाए गए एग्जिक्यूटिव बोर्ड में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के सीईओ मार्क रोवन, ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा शामिल हैं। बोर्ड ऑफ पीस की औपचारिक घोषणा स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वाली वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम बैठक के दौरान किए जाने की संभावना है। ट्रंप ने दुनिया के कई नेताओं को पत्र भेजकर उन्हें इस बोर्ड का संस्थापक सदस्य बनने का न्योता दिया है। (इनपुट: TOI)

### पाकिस्तान ने कहा, हमें भी पत्र मिला है

जिन अन्य नेताओं को निमंत्रण भेजे जाने की पुष्टि हुई है, उनमें कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप अर्दोआन शामिल हैं। पाकिस्तान ने पीएम शहबाज शरीफ को भी इस बोर्ड में शामिल होने का पत्र मिला है।

### इस्राइली पीएम ने बुलाई मीटिंग

इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा को लेकर बने पैनल पर आपत्ति जताने के बाद रविवार को अपनी सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार की बैठक बुलाई। नेतन्याहू कार्यालय ने कहा कि बोर्ड की संरचना इस्राइल से परामर्श किए बिना तय की गई है और यह नीति के विपरीत है।



## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार से भारत दौरे पर है। वह किस देश के शासक हैं?
A. अबू धाबी B. ईरान C. इराक
2. महाराष्ट्र के किस नगर निगम के एक वॉर्ड में शिवसेना (UBT) उम्मीदवार ने एक वोट से बीजेपी कैंडिडेट को हराया?
A. पुणे B. BMC C. परभणी
3. ग्रीनलैंड मसले का विरोध करने वाले यूरोप के कितने देशों पर ट्रंप ने टैरिफ लगाया है?
A. 10 B. 8 C. 5
4. वर्ल्ड इकॉनमिक समिट सोमवार से दावोस में शुरू हो रही है, यह किस देश में है?
A. स्विट्जरलैंड B. श्रीलंका C. डेनमार्क
5. पीएम नरेन्द्र मोदी ने कालियाबोर में 6,957 करोड़ रुपये के काजीरंगा एलीवेटेड कॉरिडोर की नींव रखी। यह किस राज्य में है?
A. केरल B. पश्चिम बंगाल C. असम

**कल के जवाब**

A1 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन A2 C. अवामी लीग A3 A. पुनाखा A4 B. दाले A5 MT Valiant Roar

**लकी विनर्स**



1. अंशुल चौधरी, ग्रेटर नोएडा
2. अशोक शर्मा, दिल्ली
3. मधु सरखाना, जनकपुरी, दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## 10 महीनों में 13 देशों के 18 पोर्ट तक पहुंचेगी भारतीय नेवी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**इंडियन नेवी** का सेल ट्रेनिंग शिप (पाल वाला जहाज) INS सुदर्शिनी 20 जनवरी को अपने फ्लैगशिप अभियान 'लोकायन-26' पर रवाना होगा। यह 10 महीने का ट्रांसओशेनिक अभियान है, यानी ये महासागरों को पार करते हुए जाएगा। इसके तहत INS सुदर्शिनी 22 हजार से अधिक नॉटिकल मील की यात्रा करते हुए 13 देशों के 18 बंदरगाहों पर जाएगा। इंडियन नेवी के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने कहा कि यह अभियान भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को दुनिया के महासागरों तक ले जाएगा।

इस लंबी समुद्री यात्रा के दौरान INS सुदर्शिनी दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टॉल-शिप आयोजनों में भी हिस्सा लेगा। इनमें फ्रांस के एस्केल आ सेते (Escale Ste) और अमेरिका के न्यूयॉर्क में SAIL 250 शामिल हैं। इन आयोजनों में INS सुदर्शिनी भारत की गौरवशाली समुद्री परंपराओं का प्रतिनिधित्व करेगा। इस अभियान के दौरान इंडियन नेवी और इंडियन कोस्ट गार्ड के 200 से अधिक ट्रेनी गहन सेल ट्रेनिंग से गुजरेंगे यानी उन्हें पाल वाले जहाज की समुद्री यात्रा के बारे में व्यावहारिक जानकारियां दी जाएंगी। इसके साथ ही विभिन्न देशों की नेवी के ट्रेनी के साथ संवाद और जॉइंट एक्टिविटी के मौके भी मिलेंगे। जिससे पेशेवर आदान-प्रदान और आपसी मित्रता को बढ़ावा मिलेगा।

**'लोकायन-26' पर रवाना होगा नेवी का सेल ट्रेनिंग शिप**

**मित्र देशों के साथ ट्रेनिंग में भी लेगा हिस्सा:** INS सुदर्शिनी इस यात्रा के दौरान मित्र देशों की नेवी के साथ ट्रेनिंग इंटरेक्शन और समुद्री साझेदारी कार्यक्रमों में भी भाग लेगा। इंडियन नेवी के प्रवक्ता के मुताबिक यह पहल समुद्री सहयोग को मजबूत करने और MAHASAGAR के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम है। लोकायन-26 सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त प्रतीक है। नेवी का दूसरा सेल ट्रेनिंग शिप INS सुदर्शिनी 1.40 लाख से अधिक नॉटिकल मील की यात्रा पूरी कर चुका है।

## ईरान बोला, खामेनेई पर हमला तो जंग



ईरान में अब बाजार खुलने लगे हैं।

■ एएफपी/एपी, दुबई: ईरान में हालिया राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के बीच हालात अब सुधरने लगे हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा कि ईरान में तूफान छंट गया। स्कूल, कॉलेज और बाजार खुलने लगे हैं। खामेनेई ने ऐलान किया कि हम जीत गए हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने रविवार को चेतावनी दी कि खामेनेई पर कोई भी हमला युद्ध का ऐलान माना जाएगा। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया कि 16,000 से अधिक लोगों की हत्या हुई है।

## इंडिगो पर जुर्माने के बाद नियामक संस्था DGCA की अब होगी जांच

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पिछले साल 3 से 5 दिसंबर के बीच देशभर में इंडिगो की उड़ानों से जुड़ी दिक्कत में नियामक संस्था DGCA की जांच कमिटी ने भले ही इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा दिया हो, लेकिन अब DGCA की भी जांच होगी। नागर विमानन मंत्रालय ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए DGCA के इंटरनल सिस्टम की जांच के आदेश भी दिए हैं। इसका मकसद यह पता लगाना है कि DGCA के कामकाज में कहां-कहां कमियां हैं और उन्हें कैसे सुधारा जा सकता है।



File

**पर्याप्त पायलट से जुड़ी इंडिगो को राहत 10 फरवरी तक**

सूत्रों के मुताबिक, DGCA ने इंडिगो को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (FTL) के नए नियम लागू करने से 10 फरवरी तक की राहत दी थी। अब 11 फरवरी से इंडिगो को नए FTL नियमों के तहत ही अपने फ्लाइट ऑपरेशंस चलाने होंगे। इसे इंडिगो के लिए एक नई चुनौती माना जा रहा है। इससे पहले DGCA को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इंडिगो पूरी तरह तैयार है, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति पैदा न हो। इस पूरे मामले को लेकर DGCA के अंदर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि जब पिछले साल 1 नवंबर से FTL नियमों का दूसरा चरण लागू किया गया था, तब DGCA ने यह पहले से क्यों नहीं जांचा कि एयरलाइनों के पास पर्याप्त पायलट हैं या नहीं।

## US ने मिनिसोटा के लिए अलर्ट की सेना



■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने मिनिसोटा (Minnesota) के लिए करीब 1500 सैनिकों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। रॉयटर्स के अनुसार, यह कदम डिपोर्टेशन नीतियों के खिलाफ चल रहे ट्रंप सरकार के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों की वजह से उठाया गया है। वॉशिंगटन पोस्ट ने रक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि सेना ने सैनिकों को अलर्ट रहने के लिए कहा है।

**AI का दम** डॉक्टरों को तस्वीर देखकर रेटिना की बीमारी के डायग्नोसिस में लगे ढाई मिनट, ChatGPT ने 22 सेकंड में की पहचान

# डॉक्टर से पहले AI ने बता दी आंख में रेटिना की बीमारी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** एम्स रायबरेली की एक नई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों की रेटिना से जुड़ी बीमारियों की पहचान में आज भी डॉक्टर सबसे ज्यादा भरोसेमंद हैं, लेकिन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) टूल्स जैसे ChatGPT और Gemini भी तेजी से अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं। यह अध्ययन आम लोगों के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि रेटिना की बीमारियां समय पर न पकड़ी जाएं तो अंधेपन तक का कारण बन सकती हैं।

इस रिसर्च में एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग ने 30 मरीजों के मामलों का अध्ययन किया। हर मरीज के लिए आंख की फंडस फोटो (रेटिना की तस्वीर) और बीमारी से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई। इन मामलों का आकलन तीन स्तरों पर किया गया, एक अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ (डॉक्टर), ChatGPT और Gemini। इसके बाद तीनों के नतीजों की तुलना विशेषज्ञों द्वारा तय किए गए सही डायग्नोसिस से की गई। रिसर्च के नतीजों में सबसे ज्यादा सटीकता डॉक्टरों की पाई गई। डॉक्टरों ने 30 में से करीब 29 मामलों में सही बीमारी की पहचान की, यानी उनकी सटीकता लगभग 97% रही। वहीं ChatGPT ने 90% मामलों में सही नतीजे दिए, जबकि Gemini की सटीकता 87% दर्ज की गई।



AI Image

**ChatGPT ने सबसे तेज रिजल्ट दिया:** समय के लिहाज से तस्वीर बिल्कुल उलट रही। ChatGPT को किसी केस का जवाब देने में औसतन सिर्फ 22 सेकंड लगे, जबकि Gemini ने करीब 26 सेकंड में परिणाम दे दिए। डॉक्टरों को हर मरीज को समझने और अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने में औसतन ढाई मिनट यानी लगभग 150 सेकंड का समय लगा। रिसर्च में यह भी सामने आया कि बीमारी को समझाकर बताने के मामले में डॉक्टर सबसे बेहतर रहे।

### किन बीमारियों को पकड़ने में सफल रहा

एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर एबिसल बिकहल और उनकी टीम ने इस स्टडी के लिए 30 मरीजों के रेटिना के फंडस इमेज का इस्तेमाल किया। इनमें ChatGPT और Gemini ने डायबिटिक रेटिनोपैथी बीमारी को 100% सटीकता से पहचान लिया। इसके अलावा ऑप्टिक एट्रॉफी, रेटिनल डिटैचमेंट, मायोपिक फंडस जैसी बीमारियों को भी पूरी सटीकता से पहचान लिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP2 User: arvind.kumar Time: 01-18-2026 23:19 Color:



# 'मेरी तरह खुलकर दुष्कर्म...' छात्रों के सामने बोले प्रिंसिपल

## विडियो वायरल, विवाद बढ़ा तो माफी मांगी

■ NBT रिपोर्ट, चंदौसी: संभल जिले के चंदौसी स्थित एस.एम. डिग्री कॉलेज के नवनियुक्त प्रिंसिपल डॉ. दानवीर यादव का बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल है। विडियो में प्रिंसिपल कथित तौर पर छात्रों से बातचीत करते दिख रहे हैं। उसमें डॉ. दानवीर यादव छात्रों से कहते सुने जा रहे हैं, 'मैं खुले हृदय का व्यक्ति हूं। मेरा खुला व्यक्तित्व है। दुष्कर्म जो करते हैं, वह छुपकर करते हैं। मेरी तरह खुलकर कोई दुष्कर्म नहीं करता है....' इसी बातचीत में उन्होंने चंदौसी को 'छोटी मानसिकता का शहर' भी बताया।


प्रिंसिपल छात्रों से बात करते दिख रहे हैं।

यह बयान उस समय दिया गया, जब छात्र कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर प्राचार्य से मिलने पहुंचे थे। बयान पर विवाद बढ़ा तो प्रिंसिपल ने माफी मांग ली इस बयान से छात्र हैरान हैं। पहले तो उन्हें लगा कि शायद उन्होंने कुछ गलत सुन लिया है, लेकिन बाद में जब बात स्पष्ट हुई तो वे नाराज हो गए। चंदौसी को लेकर की गई टिप्पणी से छात्रों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी गुस्से में हैं। लोगों का कहना है कि किसी भी स्थिति में इस तरह की भाषा और बयान को उचित नहीं ठहराया जा सकता। मामले को और संवेदनशील इस वजह से माना जा रहा है क्योंकि प्रिंसिपल पर पूर्व में एक महिला प्रोफेसर के यौन उत्पीड़न के आरोप लग चुके हैं। विवाद बढ़ने पर प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव ने सफाई दी है।

# मेरठ में बच्ची के अपहरण का आरोप, अरेस्ट

■ आईएएनएस, मेरठ: मेरठ जनपद के ककरखेड़ा थाना क्षेत्र से एक बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बच्ची बदमाशों से खुद को बचाने के लिए कार से छलांग लगा दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि किशोरी स्कूल की छुट्टी होने के बाद पैदल अपने घर लौट रही थी, तभी रास्ते में कार सवार आरोपी फूल कुमार ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। कार के अंदर आरोपी ने किशोरी के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की, जिसके बाद किशोरी ने चलती कार का दरवाजा खोला और कूद गई। सड़क पर गिरने के कारण छात्रा को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके में लगे तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

# वेस्ट यूपी में कोहरे के कारण कई जगह टकराईं गाड़ियां, 3 की मौत

## अमरोहा, बागपत, मुजफ्फरनगर, बरेली में हादसे, कम विजिबिलिटी बनी वजह

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यूपी में कड़ाके की ठंड और कोहरे का कहर जारी है। अमरोहा में रविवार को भीषण कोहरे के कारण 15 गाड़ियां टकरा गईं। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा नैशनल हाइवे 9 पर गांव शहबाजपुर डोर के पास हुआ। हादसे की वजह से हाइवे पर क्षतिग्रस्त गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई।


हादसे की वजह से हाइवे पर क्षतिग्रस्त गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई।

बागपत में दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर एक्सप्रेस-वे पर भी दर्जनभर गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई। हादसे की वजह विजिबिलिटी कम होना बताया गया। क्रेन की मदद से हाइवे से वाहनों को हटाया गया। यह हादसा मवीकलां गांव के पास हुआ। वहीं बरेली जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दिल्ली–लखनऊ नैशनल हाइवे पर घने कोहरे की वजह से रोडवेज बसों, ट्रक और कारों समेत करीब 20 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 24 लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर है। मुजफ्फरनगर में भी वाहनों की टक्कर में एक की मौत हो गई।

खराब मौसम का असर रेल और हवाई यातायात पर भी देखने को मिला। कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक रही। हालत इतने खराब रहे कि गाड़ियों की लाइटें भी नजर नहीं आ रही थीं। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ी है। अगले 3 दिन कड़ाके की ठंड पड़ेगी। घना कोहरा भी रह सकता है।

### 5 दिन कैसा रहेगा मौसम


- 19 जनवरी : पश्चिमी यूपी में बूंदाबांदी के साथ पूर्वी यूपी के भी कई जिलों में बादल छा सकते हैं। ठंडी हवा गलन बढ़ाएगी।
- 20 जनवरी : कोहरे में कमी आएगी। ठंडी हवा गलन बढ़ाएगी।
- 21 जनवरी : पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बादल छा सकते हैं। बारिश की संभावना।
- 22 जनवरी : पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी यूपी में बारिश हो सकती है।
- 23 जनवरी : मौसम विभाग ने कहा, पश्चिम के साथ मध्य यूपी में भी बारिश हो सकती है।

# बरेली: बिना अनुमति नमाज पढ़ने का आरोप, 12 गिरफ्तार


AI Image

■ भाषा, बरेली: बरेली में शनिवार को खाली पड़े घर में बिना अनुमति सामूहिक नमाज पढ़ने के आरोप में पुलिस ने 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मामला जिले के बिशारतगंज थानाक्षेत्र के मोहम्मद गंज गांव का है। आरोप है कि व्यक्तियों ने 'बिना प्रशासनिक अनुमति' के नमाज अदा की। पुलिस के अनुसार खाली मकान में कथित तौर पर सामूहिक नमाज पढ़ने का एक विडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा ने बताया कि खाली पड़े मकान को अस्थायी रूप से मदरसे की तरह इस्तेमाल करके कई हफ्तों से सामूहिक जुमा की नमाज अदा किए जाने की जानकारी शनिवार को सामने आयी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर 12 लोगों के खिलाफ शनिवार को शांति भंग करने की धाराओं में चालान किया। साथ ही आरोपियों को शनिवार को ही मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


नीरज कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **नीरज कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी खसरा नं. 319, मानी रोड, पुरानी कोडली, दिल्ली** जो अपने घर से दिनांक **08.01.2026 को सुबह करीब 11.00 बजे** से लापता / अपहृत है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं. /डीडी नं. 136ए दिनांक 13.01.2026 को थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस आदमी का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंग: पुरुष, आयु: 37 वर्ष, कद: 5' 5" फीट, रंग: गोरा, चेहरा: लम्बा, शरीर: सामान्य, पहनावा: सफेद रंग की टी–शर्ट, सफेद रंग की जीन्स की पेन्ट और पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत आदमी के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. नं.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

थाना प्रभारी
थाना: न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोन: 011–22610839, 22610954
मोबाइल: 8750870631, 8750075775

DP/698/ED/2026


# SIR ड्यूटी से गायब रहने पर नोटिस

■ भाषा, मुजफ्फरनगर: जिले में SIR ड्यूटी से गैरहाजिर रहने के आरोप में चार बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को रविवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने यहां बताया कि ये नोटिस मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र में शोभित, सपना मित्तल, उमा चौधरी और संगीता नामक बूथ स्तरीय अधिकारियों को जारी किए गये हैं। उनसे तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है।

उन्होंने बताया कि ये बीएलओ 18 जनवरी को अपने-अपने ड्यूटी केंद्रों से गैरहाजिर रहे जिससे उन जगहों पर एसआईआर के काम पर बुरा असर पड़ा।

# कन्नौज जेल से भागा कैदी अरेस्ट


■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: कन्नौज जिला जेल से 5 जनवरी को बचकर भागे दो कैदियों में एक को रविवार सुबह पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बंदी का नाम डंपी उर्फ शिवा है। उसे पॉक्सो एक्ट के मामले में जेल भेजा गया था। पुलिस का दावा है कि गुरसहायगंज में उसे देख डंपी ने सीधे फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली शिवा के पैर में लगी।

# मौनी अमावस्या पर महास्नान, संगम तट पर 4.5 करोड़ ने लगाई डुबकी

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले के सबसे महत्वपूर्ण स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। घने कोहरे और ठंड के बावजूद चार करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा-यमुना और संगम में डुबकी लगाई।

मौनी अमावस्या का स्नान रविवार की सुबह 4 बजे से ही शुरू हो गया। जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया, श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती गई। आलम यह रहा कि सुबह आठ बजे तक ही एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। भीड़ बढ़ी तो दोपहर 12 तक आंकड़ा 3 करोड़ को पार कर गया। भीड़ के कारण कई बार अधिकारियों को इमरजेंसी प्लान लागू करना पड़ा। इसके बाद संगम नोज की तरफ जा रहे श्रद्धालुओं को दूसरे घाटों की ओर मोड़ दिया गया। भीड़ बढ़ने पर पांटूनब्रिज भी बंद करने पड़े। वहीं संगम नोज से भीड़ को हटाने के लिए एक नंबर पांटून ब्रिज को खोल दिया गया। जिसे प्रशासनिक जरूरतों के लिए रखा गया था।


PTI
कोहरे के बावजूद रात से ही शुरू हुआ स्नान, दिन चढ़ने के साथ बढ़ती गई भीड़।

श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

महाकुंभ और अर्ध कुंभ की तर्ज पर माघ मेले में भी मौनी अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। संगम स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर जब अचानक गुलाब की पंखुड़ियां गिरने लगीं तो लोगों की नजर आसमान की ओर गई। यह उनके लिए कौतूहल जैसा था। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि 'तीर्थराज प्रयाग में आज मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हुई 'पुष्पवर्षा' आस्था का अभिनंदन और महान सनातन संस्कृति का वंदन है'... जय माँ गंगे।

# शादी के नाम पर बनाए संबंध, आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: जनपद की थाना उत्तर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने युवक पर 3 लाख रुपये ठगने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में युवती ने बताया था कि वह एक स्कूटी एजेंसी में काम करती है। वहीं काम के दौरान एक युवक से नजदीकियां बढ़ती गईं। उसने शादी का भरोसा दिलाया और शारीरिक संबंध स्थापित किए।

# मणिकर्णिका घाट की फर्ज़ी तस्वीरें फैलाने का आरोप, आठ पर FIR

■ भाषा, वाराणसी: वाराणसी पुलिस ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के बारे में सोशल मीडिया पर AI जेनरेटेड तस्वीरें, विडियो और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और कांग्रेस नेता पप्पू यादव सहित आठ लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। डीसीपी गौरव बंसल ने बताया कि घाट पर चल रहे मरम्मत कार्यों और श्मशान सुविधाओं के बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में मनगढ़ंत जानकारी फैलाने के आरोप में आठ व्यक्तियों और कुछ 'एक्स हैंडल' के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।




# सड़क क्रॉस करते समय इंजिनियर को ट्रक ने कुचला, मौत


AI Image

■ NBT न्यूज, आगरा: आगरा में शनिवार देर रात सड़क क्रॉस करते समय एक इंजिनियर को ट्रक ने कुचल दिया। इंजिनियर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

दहतोरा रोड स्थित ब्रज द्वारिका कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय शैलेन्द्र सिंह DVVNL में जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद पर कार्यरत थे, उनकी तैनाती छटीकरा, मथुरा में थी। दस दिनों से कार खराब होने के कारण वह बस से ही ड्यूटी आते-जाते थे। उनका बेटा राजन सिंह रात में बाइक से उन्हें सिकंदरा तिराहे से घर लाने के लिए जाता था। शनिवार रात करीब 12 बजे राजन पिता को लेने सिकंदरा तिराहे पर पहुंचा। रोडवेज बस से उतरे पिता सड़क पार कर उसकी ओर बढ़ रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने शैलेन्द्र सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। बेटा कुछ समझ पाता, उससे पहले ही पिता सड़क पर गिर पड़े। गंभीर चोटों के चलते उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस फरार ट्रक और ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

> ड्राइवर ट्रक लेकर फरार, पुलिस कर रही तलाश।


TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अन्य रिक्तियां
चालक

10 से 15 वर्ष अनुभवी इलेक्ट्रिक कार ड्राइवर चाहिए, जिसे दिल्ली NCR के रूटों की अच्छी जानकारी हो, वेतन 21 से 28 हजार! ☎ 8826919445, 011-42175414

बिजनेस
बिजनेस प्रस्ताव

CARBON BLACK FROM EUROPE
We can offer quality stocks at low prices on a monthly basis as below:
CARBON BLACK N-220 100 MT
Please contact Euro Exim Ltd Manchester (UK) Email:exports@euroeximltd.co.uk WA No. - 00447766463661

जिम उपकरण

RUNNING Gym For Sale - Ready Profits From Day One Well-established fully operational gymnasium available for immediate sale. Prime location with loyal membership base •Life fitness cardio, Jerai being strong equipment & professional interiors •Strong monthly revenue with growth potential Ideal for investors, fitness professionals, or expansion brands. Fully equipped, no additional investment needed Excellent visibility & footfall Serious buyers only. Reason for sale: Personal commitments. Contact: 9810126862

व्यक्तिगत
लापता

गुमशुदा

नाम: जसविंदर सिंह @ रिंकू
उम्र 40 वर्ष, कद: 6' उम्र: [illegible] 5/1/26, 10AM को मुखर्जी नगर, दिल्ली से TVS Metallic Maroonish Scooty, No. DL-1SAK 4418, लेकर लापता है
संपर्क करें ☎ 8929668505
बताने वाले को इनाम देंगे

नाम परिवर्तन

I, Om Prakash Shrivastava, S/o Kashi Nath, R/o GB-12A03, Assotech Windsor Court, Sector-78, Noida, Gautam Budhha Nagar, Uttar Pradesh-201307, have changed the spelling of his surname from Srivastav to Shrivastava, which shall be used for all future purposes.

मैं, निशा मुद्गल, बेटी स्वर्गीय श्री भगवानी राम भारद्वाज, निवासी मकान नंबर 887 सेक्टर 6, बहादुरगढ़, झज्जर हरियाणा 124507, ने अपना नाम हमेशा के लिए बदलकर कुसुम मुद्गल कर लिया है।

I, Meghna Nand Kishore Shrimali R/o B-218, Hamilton Court, Dlf Phase Iv, Gurgaon 122002, Haryana have changed my minor daughter's name from Kaveri to Kaveri Nand Kishore Shrimali.

I, Pramod Bansal S/o Late Sh. Raghubar Dayal R/o Plot No. 545, Flat No. 102, Niti Khand 1, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 have changed my name from Pramod Kumar Bansal to Pramod Bansal. Henceforth I would be known by the name of Pramod Bansal for all future purposes.

I, Suryakant Singh, S/o Ashutosh Singh, R/o Mayur Vihar, East Delhi-110091, have changed my name to Saransh Singh vide affidavit dated 16/01/2026. Henceforth, I shall be known as Saransh Singh for all purposes.

HEALTH & WELLNESS







Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BOOK YOUR EDUCATION ADS
For booking please contact
Amit : 9811790649

TIMES interact
टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
न्यायालय सूचना

सार्वजनिक सूचना
[illegible]
आज्ञा से- डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद।

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the Court of Sh. Sanjeev Kumar Aggarwal, LD. Principal Judge, Family Courts, Karkardooma Courts, Room No. 5, Delhi
HMA-1187/23
ANIMA GOGIA V/S KAMAL CHAUHAN
Respondent Name and Address
To,
To Kamal Chauhan, S/o Late Sh. Ram Swaroop R/o D-10, Sector-30, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, UP, Mob. No. 9811752222 Email: kamal.ch1376@gmail.com
Whereas you are intentionally evading service of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the 25/03/2026, the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 13th day of Jan., 2026.
PRINCIPAL JUDGE EAST DISTRICT, FAMILY COURT KARKARDOOMA COURTS, DELHI
(Seal)

सार्वजनिक सूचना
हमने, फ्लैट संख्या J-1501, टावर-J, आम्रपाली हार्टबीट सिटी 1, सेक्टर 107, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 नामक फ्लैट के लिए अपना आवंटन व बिल्डर-क्रेता समझौता एवम अन्य दस्तावेज खो दिया है, जो कि पवनजीत सिंह चौधरी को दिनांक 30/08/2013 को जारी किया गया था। हमने खोए हुए दस्तावेजों के लिए 14/01/2026 को पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) भी दर्ज करा दी है।

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com


TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95480 | Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | | | | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 | Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

In Loving Memory Of
Shri. Atul kumar Jain

August 10, 1955 - January 18, 2026
With profound sorrow we inform you about the sad demise of Shri Atul Kumar Jain on 18.01.2026.
May his pure soul attain eternal peace and continue its journey towards ultimate liberation.
UTHAONI
19.01.2026 | 10.00-11.00AM
Chinmaya Centre of World Understanding (Chinmaya Mission), 89 Lodhi Road, Institutional Area, Lodhi Estate, New Delhi 110003
In Grief
Smt. Madhu Jain (Wife)
Anubhav & Shelly Jain (Son & Daughter In Law)
Ruchi & Saurabh Jain (Daughter & Son In Law)
Arham, Rishabh, Adesh, Anshika Jain (Grandchildren)
Entire Tansu Lal Jain family
APL — Serving Beyond Boundaries — ANSHIKA POLYSURF LIMITED — Polymers | Surfactants

REMEMBRANCE — SHARING MEMORIES

In loving memory of
Lt. Sh. Sukh Pal Singh
01.01.1954 - 19.01.2020
Time Flies Fast, But Some Memories Can Never Be Forgotten. You Will Always Remain In Our Thoughts.
Remembered by - Krishna, Anupama - Suman - Ranjeet, Rahul - Drashti

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE — SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: cci Time: 01-18-2026 22:03 Color:



# कंबोडिया से ऑपरेट हो रही थी ठग 'कंपनी', 8 गिरफ्तार

- आरोपी शेयर बाजार में निवेश के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बना रहे थे
- जांच के दौरान पुलिस को एनसीआरपी पोर्टल पर इस गिरोह के खिलाफ 63 शिकायतें दर्ज मिली हैं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने कंबोडिया से संचालित साइबर ठगी के सिंडिकेट का खुलासा करते हुए गिरोह से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी निवेश के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बना रहे थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान वनस्थला सुनील (43), साबिनाला शंकर (61), मनोज यादव (38), संदीप सिंह उर्फ लकी (30), आदित्य प्रताप सिंह (23), राहुल (30), शेरू (38) व सोमपाल (34) के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन और कई म्यूल बैंक अकाउंट की डिटेल बरामद हुई है। इस गिरोह के म्यूल अकाउंट में 14 दिनों में 4 करोड़ रुपये जमा किए गए। एनसीआरपी पोर्टल पर गिरोह के खिलाफ 63 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। आरोपी कमीशन के आधार पर विदेश में बैठे जालसाजों के इशारे पर काम करते थे।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि वसंत कुंज निवासी 42 वर्षीय महिला ने सात नवंबर 2025 को निवेश के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वट्सऐप के जरिए शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया था। फर्जी वेबसाइट और झूठे दावों के झांसे में आकर पीड़िता ने अलग-अलग अकाउंट में 15.58 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने तकनीकी जांच, बैंक ट्रांजैक्शन और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर तेलंगाना के वनस्थला सुनील की पहचान की। वह कमीशन पर फर्जी बैंक अकाउंट उपलब्ध कराता था। तेलंगाना में छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने एक फर्जी फर्म खोलने के बाद साइबर धोखाधड़ी के लिए स्मॉल फाइनेंस बैंक में एक करंट अकाउंट खुलवाया था। उसके एक साथी शंकर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। आगे पूछताछ में वनस्थला सुनील ने बताया कि उसने अपना अकाउंट मनोज को दिया था। यूपी में छापेमारी कर मनोज को संत कबीर नगर से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि उसने आगे यह अकाउंट संदीप सिंह को दिया था, जो लखनऊ में अकाउंट ऑपरेशन मैनेज करता था।

AI Image



**आरोपी म्यूल अकाउंट में रखते थे ठगी की रकम**

जांच में सामने आया कि पीड़ितों को जाल में फंसाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वट्सऐप नंबर कंबोडिया से ऑपरेट किए जा रहे थे, जबकि भारतीय आरोपियों ने धोखाधड़ी के पैसे को म्यूल अकाउंट में रखने और कमीशन के आधार पर विदेशी जालसाजों के खातों में ठगी की रकम पहुंचाई थी।

# घर में घुस युवती के यौन शोषण के आरोप में पड़ोसी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना पिलखुवा क्षेत्र में एक युवक पर पड़ोसी के घर में घुसकर युवती का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी पड़ोसी घर में घुस आया और दुष्कर्म के बाद फरार हो गया था। परिजनों ने एफआईआर दर्ज करवाई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी गांव निवासी सुहैब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।









# 5 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ 2 विदेशी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



इंटरनैशनल ड्रग सिंडिकेट से जुड़े दो विदेशी नागरिकों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नाइजीरिया के अबूजा निवासी फ्रैंक विटस और संडे ओदू के तौर पर हुई है। इस कार्रवाई में 418 ग्राम कोकीन और 925 एमडीएमए (एक्स्टसी) टैबलेट बरामद की गई हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक टीम लंबे समय से दिल्ली में सक्रिय ड्रग्स डीलिंग नेटवर्क पर नजर बनाए हुए थी। इसी कड़ी में 2 दिसंबर को हेड कॉन्स्टेबल संदीप काद्यान को सूचना मिली कि नाइजीरियाई नागरिक फ्रैंक विटस, जो पहले भी एनडीपीएस मामलों में रहा है, एक बार फिर साउथ दिल्ली के इलाकों में कोकीन और एमडीएमए जैसी प्रतिबंधित साइकोट्रॉपिक ड्रग्स की सप्लाई कर रहा है।

**इंटरनैशनल ड्रग सिंडिकेट से जुड़े हैं दोनों गिरफ्तार आरोपी**

एसीपी राजपाल डबास की निगरानी में इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत, एसआई राहुल, मनोज टीम के बाकी सदस्य ने तकनीकी और मैनुअल सर्विलांस के जरिए आरोपी पर नजर रखी, जो साउथ और साउथ-वेस्ट दिल्ली के इलाकों में लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। कड़ी मेहनत और सटीक इनपुट के बाद आरोपी को ट्रेस कर रेड की गई, जिसमें फ्रैंक विटस को गिरफ्तार कर उसके पास से 418 ग्राम कोकीन और 910 एमडीएमए टेबलेट बरामद की गईं।

# खेती की ज़मीन बेचने का झांसा देकर 8.5 लाख की ठगी

NBT न्यूज, हापुड़ : गाजियाबाद निवासी किसान से खेती की जमीन बेचने का झांसा देकर 8.5 लाख रुपये की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। इसमें पीड़ित ने एफआईआर दर्ज करवाई है। गाजियाबाद के प्रताप विहार निवासी पंकज शर्मा ने बताया कि गढ़ कोतवाली क्षेत्र के खादर के गांव शीशगढ़ के जंगल में उनकी खेती की जमीन है। सात माह पहले वह खेती पर काम कर रहे थे। इसी दौरान मेरठ निवासी अरविंद कुमार वहां पहुंचा। आरोपी ने उन्हें पास में ही स्थित अपनी चार बीघा जमीन खरीदने के लिए कहा था। पीड़ित ने बताया कि उसकी बात पर विश्वास कर उन्होंने अरविंद से 30 लाख 21 हजार रुपये में जमीन खरीदना तय कर लिया। एडवांस 8.5 लाख रुपये भी दे दिए थे। आरोपी ने बैनामा नहीं किया।

**एडवांस में रुपये लेने के बाद बैनामा करने से किया इनकार**

# कारोबारी के घर से लाखों की जूलरी और कैश चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के पंजाबी बाग के मादीपुर इलाके में एक केबल कारोबारी के घर में एक करोड़ रुपये से अधिक के गहने और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के समय कारोबारी परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने गए थे। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीसीपी दराडे शरद भास्कर ने बताया कि वारदात 17 जनवरी की है। उन्होंने बताया कि केबल कारोबारी शैलेंद्र कुमार मादीपुर में रहते हैं। 17 जनवरी की सुबह 8:30 बजे उन्होंने अपने घर में चोरी होने की शिकायत की। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

**पंजाबी बाग के मादीपुर एरिया में हुई वारदात**

# पार्क में मिला नवजात का शव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर स्थित श्यामगिरी पार्क में एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फिलहाल शव को जेपीसी अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, 16 जनवरी की दोपहर करीब 12:06 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि दूसरे पुश्ते के पास स्थित श्यामगिरी पार्क में एक नवजात का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचे पुलिस दल को कौसर आकाश चौधरी मिले, जिन्होंने शव के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने देखा कि पार्क के अंदर एक नवजात शिशु का शव पड़ा था। पुलिस ने आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की, लेकिन कोई भी नवजात की पहचान नहीं कर सका।

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की**

# कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक बेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको कराना है बस रजिस्ट्रेशन।




शिवानी बहुगुणा (शेफ)

तारीख: 21 जनवरी 2026
समय: 3 से 4 बजे तक
फीस : निःशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP4 User: atul.srivastava Time: 01-18-2026 22:42 Color:




**AI के ताज़ा अपडेट्स**

### गूगल का नया ट्रांसलेशन मॉडल


AI Image

गूगल ने Translate Gemma नाम से नया ट्रांसलेशन मॉडल लॉन्च किया है। यह मॉडल खास तौर पर तेज और आसान ट्रांसलेशन के लिए बनाया गया है। इसे किसी भी डिवाइस पर चलाया जा सकता है। यह कम कंप्यूटिंग पावर में भी अच्छा काम करता है। (NBT)

### Apple की चिप इसी साल


AI Image

Apple इस साल से अपने AI सर्वर चिप्स का प्रोडक्शन शुरू कर सकता है। इससे कंपनी AI फीचर्स को बेहतर तरीके से विकसित करने, तेजी से चलाने और यूजर्स तक आसानी से पहुंचाने में सक्षम होगी। ये चिप बड़े डेटा सेंटर के लिए बन रहे हैं। (NBT)

### OpenAI ब्रेन तकनीक में भी


AI Image

OpenAI ने अपने CEO सैम ऑल्टमैन की ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) स्टार्टअप Merge Labs में निवेश किया है। Merge Labs ऐसी तकनीक विकसित कर रही है, जिससे इंसानी दिमाग सीधे AI से जुड़ सके। किसी सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। (NBT)

### पूछें AI से जुड़ा कोई भी सवाल, हमारे एक्सपर्ट देंगे जवाब


AI Image

**कैसे तय होगा कि AI मानवता के लिए काम करेगा?- पैथर तोमर, दिल्ली**

**जवाब:** AI का विकास पारदर्शी, नैतिक और जवाबदेह ढंग से होगा, तभी यह संभव होगा कि AI मानवता के लिए काम करेगा। अगर नियम, निगरानी और जवाबदेही कड़ी होगी तो यह सही राह पर रहेगा।

अगर आप भी AI से जुड़ी किसी जानकारी या सवाल का जवाब चाहते हैं, तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर ईमेल करें। हमारे एक्सपर्ट आपके सवालों के जवाब देंगे। ईमेल के सब्जेक्ट में AI जरूर लिखें।

# AI कंटेंट की लेबलिंग के लिए जल्द आएंगे नियम: IT सचिव




**केंद्रीय आईटी सचिव ने कहा, AI इंपैक्ट समिट में जनभागीदारी पर फोकस, कई इवेंट्स पर रहेगा जोर**




**भारत में फरवरी में होने वाले AI इंपैक्ट समिट को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। पिछले साल पैरिस के बाद अब दिल्ली पर दुनिया की नजरें हैं। ये समिट भारत की टेक्नो-डिप्लोमेसी में कैसे मील का पत्थर साबित होगी, कौन से बड़े नाम इसमें शामिल होंगे, सोर्स कोड विवाद में IT मंत्रालय का दखल कब हुआ, सोशल मीडिया पर AI जेनरेटेड कंटेंट की लेबलिंग के लिए क्या है सरकार की तैयारी? NBT रिपोर्टर अल्पयु सिंह से बातचीत में ऐसे कई सवालों के जवाब दिए केंद्रीय आईटी सचिव एस. कृष्णन ने:**

AI Image




**Q क्या डेटा प्रोटेक्शन से जुड़े DPDP रूल्स बनाना और नोटिफाई करना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहा?**

नहीं, ये ज्यादा चैलेंजिंग नहीं रहा है। हमने कंसल्टेशन के लिए काफी वक्त दिया। ये नया क्षेत्र है और इसमें लोगों की जागरूकता जरूरी है। विमर्श के जरिए जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की गई। 2023 में जब जब ऐक्ट पास हुआ, किसी ने कुछ नहीं कहा, जब नियम को लेकर डिसकशन फाइनल स्टेज पर थी, तब सबने संशोधन को लेकर सवाल उठाया। दो प्रावधानों को लेकर 8(J) (जो RTI का हिस्सा था), इसे ही हटाया गया है। हालांकि एक और प्रोविजन 8(2) है। इसके मुताबिक अगर पब्लिक इंटरेस्ट में है तो जानकारी देनी होगी।

**Q मोबाइल के सोर्स कोड को लेकर क्या विवाद है?**



इस मामले में बिना वजह विवाद खड़ा किया गया। ये मामला 2023 में टेलीकॉम मंत्रालय से जुड़ा है। डिवाइस की सेफ्टी के लिए पुराने रूल्स का ड्राफ्ट निकला था। साल 2025 में IT मंत्रालय इस सीन में आया। हम उससे जुड़े नियमों पर कंसल्टेशन कर रहे हैं। इन्हें लेकर ना तो इंडस्ट्री शिकायत कर रही है और ना ही इंडस्ट्री असोसिएशन। विमर्श के बाद पूरी चीज बदल सकती है। इंडस्ट्री ने तो विमर्श का समर्थन किया है। सरकार हजारों मुद्दों पर विमर्श करती है, हमने कोई फैसला नहीं लिया है। ऐसे कोई कैसे कह सकता है कि सरकार कंसल्टेशन भी ना करे।

**Q AI इंपैक्ट समिट को लेकर भारत दुनिया को क्या ऑफर कर रहा है?**



AI को लेकर 2023 में ब्रिटेन में हुए समिट का फोकस सुरक्षा था। उसके अगले साल सियोल में हुआ समिट इनोवेशन से जुड़ा था। पिछले साल पैरिस में जो समिट हुआ वह ऐक्शन पर केंद्रित था। इस बार भारत विश्व के सामने AI इंपैक्ट समिट रख रहा है। इसके केंद्र में AI का आम लोगों पर असर है। भारत का मानना है कि AI लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाएगा। ये भारत जैसे विकासशील देशों की तरक्की में मददगार साबित हो सकता है। AI को डिवेलपमेंट फोर्स की तरह देखना होगा। इसके रिस्क फैक्टर को समझते हुए ये देखना होगा कि हम निगेटिव चीजों के दायरे में ना आकर कैसे AI को पॉजिटिव तौर पर अपना सकते हैं। इसमें पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस का विचार अहम है। भारत इस बात से भी सहमत नहीं कि जो देश AI पर खर्चा कर रहे हैं, वही इसका सारा फायदा ले जाएंगे। भारत जानता है कि इसके लिए कंप्यूट फैसिलिटी और मॉडल दोनों चाहिए। लेकिन एप्लिकेशन को विकसित और तैनात करना जरूरी है, भारत इसमें आगे है। ये तीनों चीजें हम विश्व को दे सकते हैं।


**Q हम ग्लोबल साउथ की आवाज उठाते रहे हैं, क्या तकनीक के जरिए भी हम यही कर रहे हैं?**

दुनिया IT सेक्टर का भारत को लीडर मानती है। हमने DPI का सफल इस्तेमाल कर बहुत कुछ साबित किया है। भारत जैसे देश में अभी भी गरीबी है, ऐसे में हमने दिखाया कि तकनीक से DPI के जरिए किस तरह आम लोगों का जीवन बेहतर हो सकता है। हम AI के क्षेत्र में भी ऐसी ही दिशा दिखा सकते हैं। इसे सफल बना सकते हैं।

**Q समिट में हम किस तरह की अंतर्राष्ट्रीय मौजूदगी की उम्मीद कर रहे हैं?**

हमें उम्मीद है कि 12 से 15 राष्ट्र प्रमुख या सरकार के प्रतिनिधि इसमें हिस्सा लेंगे। फ्रेंच राष्ट्रपति पहले ही कह चुके हैं। ब्राजील और स्विटजरलैंड के राष्ट्रपति के आने की संभावना है। नीदरलैंड, फिनलैंड जैसे यूरोपीय देशों से भी भागीदारी होगी। 40-50 देशों से मंत्रिस्तरीय उपस्थिति होगी। ब्रिटेन के डिप्टी पीएम आएंगे। दूसरे देशों से भी उच्चस्तरीय पॉलिटिकल लीडर्स आएंगे। इस समिट में 50-60 CEO भी हिस्सा लेंगे। OpenAI के सैम ऑल्टमैन, गूगल के सुंदर पिचाई, Nvidia के सीईओ जेन्सेन हुआंग आदि के भी शामिल होने के संकेत मिले हैं। समिट के जरिए हम AI को आम आदमी तक ले जाना चाहते हैं। छात्रों और इनोवेटर्स के लिए बड़े एक्सपो का आयोजन कर रहे हैं। जनभागीदारी पर फोकस है। ऐसी कई इवेंट्स हो रहे हैं और होंगे, जिनसे लोग जुड़ेंगे।

**Q AI का गलत इस्तेमाल भी लगातार हो रहा है, रोकने की क्या तैयारी है?**



AI से जुड़े मामलों की निगरानी लगातार जारी रहने वाली प्रक्रिया है। हम जल्द ही सिंथेटिक AI जेनरेटेड कंटेंट को लेकर रूल भी निकाल रहे हैं। इन्हें सार्वजनिक किया गया था और उस पर बहुत सारे विचार सामने आए हैं। इस पर जो इनपुट मिला है, उसे हम जल्द जारी करेंगे। नियमों की ड्राफ्टिंग हो रही है। सरकार सक्रियता से कार्रवाई करती रही है। कानून साफ हैं और कंपनियों को ये मानने होंगे, वरना इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। हालांकि थोड़ा संभल कर इसलिए चलते हैं, क्योंकि हम एक खुला समाज हैं और फ्रीडम ऑफ स्पीच की कद्र करते हैं। लेकिन जो अवैध है या कानून के मुताबिक नहीं है, उस पर ऐक्शन जरूर होगा। हम ग्रोक के खिलाफ नोटिस निकालने वाले पहले देश हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया, जैसे देश जिन्होंने बैन किया, उनका लीगल सिस्टम थोड़ा अलग है।

**Q सोशल मीडिया कंपनियां लगातार जवाबदेही से क्यों बचती रही हैं?**



पिछले ढाई साल में हालात बेहतर हुए हैं। गलत कंटेंट दिखने पर जब हम उन्हें ब्लॉकिंग के लिए कहते हैं तो ज्यादातर सोशल मीडिया कंपनियां उस पर ऐक्शन लेती हैं। 1-2 केसों में अपवाद है, जिनसे हम निबटते हैं, लेकिन थोड़ी जवाबदेही जनता की भी है कि कैसे इन टूल्स का सकारात्मक प्रयोग करना है।

## सिर्फ दुनिया नहीं, आपको भी समझेगा



AI Image

Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अब तक हमने AI मॉडल्स को सवालों के जवाब देते, जानकारी खोजते या सलाह देते देखा है। लेकिन अब गूगल ने Gemini में एक नया फीचर पर्सनल इंटेलिजेंस लॉन्च किया है। इसका मतलब है कि अब Gemini सिर्फ 'सब कुछ जानने वाला' नहीं रहेगा, बल्कि 'आपको जानने वाला' असिस्टेंट बनेगा। पर्सनल इंटेलिजेंस एक ऐसा सिस्टम है, जिसे आप Gemini को Gmail, गूगल फोटोज, यूट्यूब, सर्च जैसे गूगल ऐप्स से जोड़ सकते हैं। जब आप इसे जोड़ते हैं, तो Gemini आपके ही पुराने ईमेल, फोटो, विडियो और सर्च हिस्ट्री के आधार पर ज्यादा काम की और निजी मदद देगा।

**AI मॉडल Gemini में लॉन्च हुआ पर्सनल इंटेलिजेंस**

### आपके काम कैसे करेगा आसान

मान लीजिए, आप किसी दुकान पर खड़े हैं और अचानक आपको अपनी कार की कोई जानकारी याद नहीं आ रही, जैसे टायर का साइज या गाड़ी का मॉडल। आमतौर पर आप या तो फोन में ढूंढेंगे या घर जाकर देखेंगे। लेकिन अगर पर्सनल इंटेलिजेंस को ऑन कर रखा है, तो Gemini आपके पुराने ईमेल और फोटो देखकर तुरंत उस जानकारी के बारे में बता देगा। गूगल लैब, Gemini और AI स्टूडियो के वाइस प्रेसिडेंट जोश वुडवर्ड (Josh Woodward) ने एक उदाहरण देकर बताया कि टीम अपनी फैमिली के साथ मिनीवैन से चलते हैं। एक दिन टीम को टायर बदलवाने थे। दुकान पर पहुंचे तो उन्हें टायर का साइज याद नहीं था। उन्होंने Gemini से पूछा। Gemini ने सिर्फ उनकी गाड़ी के टायर का साइज नहीं बताया, बल्कि ये भी सुझाया कि रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए कौन सा टायर सही रहेगा और लॉन्ग ड्राइव के लिए कौन सा बेहतर है। Gemini ने Google Photos देखकर यह भी समझ लिया कि वह परिवार अक्सर रोड ट्रिप पर जाता है। यानी पर्सनल असिस्टेंट से सिर्फ जानकारी नहीं मिली, बल्कि परिस्थिति के हिसाब से सलाह भी मिली।

### गूगल का दावा- प्राइवेसी की चिंता जरूरी, पर यहां सब ठीक

पर्सनल इंटेलिजेंस में सबसे बड़ी प्राइवेसी को लेकर चिंता होती है। लेकिन गूगल के इस अपडेट के साथ प्राइवेसी की चिंता नहीं है। पहली बात कि पर्सनल इंटेलिजेंस खुद से चालू नहीं होता है, इसे आप अपनी सुविधा के अनुसार शुरू या बंद कर सकते हैं। यह भी तय कर सकते हैं कि कौन सा ऐप इससे कनेक्ट किया जाए या कौन सा नहीं। आपकी फोटो, विडियो, ईमेल में जो जानकारी है, Gemini उसे कहीं बाहर नहीं भेजता है। यानी आपका डेटा पहले से Google में सुरक्षित है, वहीं रहकर Gemini सिर्फ आपकी मदद के लिए इस्तेमाल करेगा।

### इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं

पर्सनल इंटेलिजेंस को अभी अमेरिका के गूगल AI प्रो या AI अल्ट्रा सब्सक्राइबर के लिए शुरू किया गया है। ऑफिस, बिजनेस, कंपनी या एजुकेशन अकाउंट के लिए यह अभी उपलब्ध नहीं है। भारत समेत दूसरे देशों में भी इसे जल्द ही रोलआउट की तैयारी है। भारत में रोलआउट होने पर Gemini ऐप खोलें। इसमें सेटिंग्स पर जाएं और पर्सनल इंटेलिजेंस पर टैप करना होगा। पर्सनल इंटेलिजेंस पर टैब करने के बाद कनेक्टेड ऐप्स जैसे Gmail, फोटोज को जोड़ सकते हैं।



## फटाफट खबरें

### राहुल आज केरल में, कल जाएंगे रायबरेली

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर रहेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वह मनरेगा और एसआईआर कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को संदेश देंगे। इससे पहले राहुल सोमवार को केरल के कोच्चि में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे।

### प्रदूषण पर कांग्रेस ने केंद्र पर बोला हमला

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कांग्रेस ने रविवार को वायु प्रदूषण पर आई वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के मुताबिक, इस रिपोर्ट में कहा गया है कि गंगा के मैदानी इलाकों और हिमालय की तलहटी वाले क्षेत्रों में प्रदूषण की वजह से हर साल करीब 10 लाख लोगों की वक्त से पहले मौत हो रही है। रमेश ने पूछा है कि आखिर केंद्र सरकार कब तक इस हकीकत को नकारती रहेगी?

### 7 गैर हिंदी भाषाओं को तमिलनाडु में पुरस्कार

■ **पीटीआई, चेन्नै:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को सात गैर-हिंदी भाषाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से सालाना साहित्यिक पुरस्कार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के अनुसार, पहले चरण में तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, बंगाली और मराठी भाषाओं की सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को यह सम्मान दिया जाएगा।

### तेजस्वी ने लॉ एंड ऑर्डर पर नीतीश को घेरा

■ **पीटीआई, पटना:** आरजेडी (RJD) नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पटना में एक नीट (NEET) छात्रा की मौत और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर नीतीश सरकार को घेरा। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि राज्य की एनडीए सरकार इन घटनाओं को लेकर संवेदनहीन है और अपराधियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने सीएम की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'X' पर तेजस्वी ने कहा कि कानून-व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है।

# कांग्रेस ने असम की मिट्टी घुसपैठियों को सौंपी, अब वोटरों की पसंद BJP: मोदी

■ **पीटीआई, कालियाबोर (असम):** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर असम में घुसपैठियों को बढ़ावा देने और राज्य की सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम में अपने शासन के दौरान कांग्रेस ने सिर्फ वोटों के लिए राज्य की जमीन घुसपैठियों के हवाले कर दी। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार असम की पहचान बचाने के लिए घुसपैठियों को हटा रही है। कालियाबोर में 6,957 करोड़ रुपये के काजीरंगा एलीवेटेड कॉरिडोर की नींव रखते हुए पीएम ने विकास और पर्यावरण की रक्षा का नया मॉडल पेश किया। उन्होंने गैंडों के शिकार पर लगाम और रेल बजट में भारी बढ़ोतरी को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के दशकों पुराने राज में घुसपैठ लगातार बढ़ती रही। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठियों ने जंगलों, जानवरों के रास्तों (कॉरिडोर) और पारंपरिक संस्थानों पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा, बीजेपी सरकार उन घुसपैठियों को हटाकर असम की पहचान और संस्कृति की रक्षा कर रही है, जिन्होंने जमीन हड़प ली थी।

पीएम ने कहा, घुसपैठिए जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ रहे हैं, हमारी संस्कृति पर हमला कर रहे हैं, गरीबों और युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं। उन्होंने आदिवासी इलाकों में फर्जी तरीके से जमीन पर कब्जा कर लिया है, जो असम और देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

पीएम ने दावा किया कि कांग्रेस और उसके साथी पूरे देश में यही कर रहे हैं। उन्होंने बिहार चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी घुसपैठियों को बचाने के लिए रैलियां की गईं, लेकिन लोगों ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। असम के लोग भी उन्हें ऐसा ही करारा जवाब देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नकारात्मक राजनीति करती है, इसलिए लोगों ने उस पर से भरोसा खो दिया है। अब देश के वोटरों की पहली पसंद बीजेपी है। बिहार में 20 साल सत्ता में रहने के बाद भी पार्टी को रेकॉर्ड वोट मिले।



पीएम मोदी ने असम के कालियाबोर में 6,957 करोड़ रुपये के काजीरंगा एलीवेटेड कॉरिडोर की नींव रखी।

### काजीरंगा को सौगात

- **काजीरंगा कॉरिडोर:** 6,957 करोड़ की लागत से बनने वाला यह रास्ता जानवरों के लिए सुरक्षित गलियारा बनेगा।
- **ऐतिहासिक प्रोजेक्ट:** 35 किमी लंबा एलीवेटेड कॉरिडोर, जो वन्यजीवों को सड़क हादसों से बचाएगा।
- **बड़ी उपलब्धि:** 2025 में शिकार के कारण एक भी गैंडे की मौत नहीं हुई, जो एक बड़ी उपलब्धि है।
- **रेल बजट में उछाल:** असम का रेल बजट 2,000 करोड़ से बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये किया गया।

PTI



डिब्रूगढ़ में भीड़ उमड़ी। पीएम मोदी ने अमृत भारत ट्रेन को दी हरी झंडी

### AIUDF से अलायंस नहीं: गौरव गोगोई

असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने रविवार को साफ कर दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी बदरुद्दीन अजमल की AIUDF के साथ कोई चुनावी समझौता नहीं करेगी। उन्होंने सीएम सरमा को राज्य का 'सबसे बेईमान' मुख्यमंत्री बताया। गौरव गोगोई ने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस राज्य में शांति और भाईचारा फिर से बहाल करेगी।

### दिल्ली के आगे नहीं झुकेगा बंगाल: अभिषेक

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी (TMC) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने बंगाल की 'अस्मिता' और 'फंड' के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा है। नादिया की रैली में उन्होंने कहा कि बंगाल का पैसा रोककर जनता को झुकाया नहीं जा सकता। अभिषेक ने दावा किया कि 2026 में बंगाल में टीएमसी की चौथी बार जीत होगी और यही जीत दिल्ली से बीजेपी की विदाई का रास्ता साफ करेगी। बनर्जी ने कहा कि बंगाल के लोग 'बाहरी और दिल्ली के जमींदारों' के सामने नहीं झुकेंगे।

## अध्यक्ष के लिए नामांकन आज, BJP देगी कई संदेश

Poonam.Pandey
@timesofindia.com



नितिन नवीन

■ **नई दिल्ली :** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी सीनियर नेताओं के रहने की उम्मीद है। कई राज्यों से मुख्यमंत्री और सीनियर नेता भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। इस नामांकन और चुनावी प्रक्रिया का नतीजा सबको लगभग पता है कि कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ही निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाएंगे। लेकिन तब भी बीजेपी यह पूरी प्रक्रिया करके कई संदेश देना चाहती है।

**पार्टी में लोकतंत्र**

बीजेपी इस प्रक्रिया के जरिए यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है और पार्टी लोकतंत्र पर विश्वास रखती है। बीजेपी के एक नेता ने कहा कि भले ही अब तक भी अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाते रहे हैं लेकिन यह साफ संदेश देता है कि पद किसी की मेहरबानी या किसी की पसंद नापसंद से नहीं मिलता बल्कि पार्टी के संविधान के तहत तय प्रक्रिया से ही मिलता है।

**व्यक्ति से ऊपर संगठन**

बीजेपी कहती रही है कि पार्टी में व्यक्ति बड़ा नहीं होता और किसी भी नेता से बड़ा संगठन है। इसलिए चुनावी प्रक्रिया को पूरा कर संगठन की मजबूती का संदेश भी देना चाहती है। निर्विरोध चुने जाने का मतलब है कि पार्टी में सभी एकमत हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि इससे दिखता है कि पार्टी में एकजुटता है और अनुशासन है और सर्वसम्मति से फैसले लिए जाते हैं। साथ ही पूरी चुनावी प्रक्रिया के जरिए बीजेपी यह भी दिखाती है कि बीजेपी कैडर बेस्ड पार्टी है। इसलिए बूथ स्तर से चुनाव शुरू होता है और राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी के संविधान के हिसाब से चुनावी प्रक्रिया का पालन होता है।

**कोई हाईकमान नहीं**

बीजेपी हमेशा ही कांग्रेस सहित दूसरी पार्टियों पर आरोप लगाती है कि वहां परिवारवाद है और परिवार से ही अध्यक्ष बनाया जाता है। बीजेपी इस चुनावी प्रक्रिया के जरिए यह भी दिखाना चाहती है कि पार्टी में एक तय सिस्टम से चुनाव होता है और जो भी क्राइटीरिया पूरा करता है वह पार्टी का अध्यक्ष हो सकता है। एक नेता ने कहा कि हमारी पार्टी में दूसरी पार्टियों की तरह हाईकमान की मर्जी से अध्यक्ष नहीं बनता।

## ...तो 10 से 12 साल में खत्म हो जाएगा जातिगत भेदभाव: भागवत

FILE



RSS प्रमुख मोहन भागवत

■ **पीटीआई, छत्रपति संभाजीनगर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अगर हम समाज से जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव को जड़ से खत्म करना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें अपने दिमाग से जाति की बात निकालनी होगी। शनिवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित एक जन-संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि पुराने समय में जाति का सीधा संबंध इंसान के पेशे और उसके काम से होता था। लेकिन बाद में यह समाज में इतनी गहराई से बैठ गई कि इसकी वजह से ऊंच-नीच और भेदभाव शुरू हो गया। भागवत ने लोगों से अपील की कि वे इसे अपने मन से पूरी तरह निकाल दें।

उन्होंने कहा, अगर हम सब मिलकर ईमानदारी से ऐसा करें, तो अगले 10 से 12 साल के भीतर जातिगत भेदभाव समाज से पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

वहीं, मोहन भागवत ने कहा कि जब तक भारत धर्म के रास्ते पर चलेगा, तब तक वह विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान सिर्फ भारत के पास ही है। मुंबई में रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत को अपने पूर्वजों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत मिली है और हमें आज भी संतों-महापुरुषों से मार्गदर्शन मिल रहा है।

## पंजाब में AAP MLA ने छोड़ी कैबिनेट रैंक

■ **पीटीआई, चंडीगढ़:** पंजाब के बंगा से विधायक सुखविंदर कुमार सुखी ने रविवार को पंजाब स्टेट कंटेनर एंड वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपना कैबिनेट रैंक भी छोड़ दिया है। सुखी ने कहा कि रसोखाना श्री नाभ कंवल राजा साहिब गुरुद्वारे पर जो सवाल उठाए गए हैं, उससे गहरी ठेस पहुंची है। सुखी 2024 में शिरोमणि अकाली दल (SAD) छोड़कर आम आदमी पार्टी (AAP) में शामिल हुए थे। उनका इस्तीफा सीएम भगवंत मान के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें मान ने कहा था कि गुरुद्वारे से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की 169 पवित्र प्रतियां (स्वरूप) मिली हैं।

## कांग्रेस का निर्देश, तमिलनाडु में पार्टी नेता बयानबाज़ी से बचें

FILE



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के भीतर गठबंधन को लेकर मंथन तेज हो गया है। राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात की और चुनावी रणनीति पर अपनी राय रखी।

बैठक के दौरान तमिलनाडु कांग्रेस के नेताओं में मतभेद भी सामने आए। एक धड़ा सत्तारूढ़ डीएमके के साथ मौजूदा गठबंधन को बनाए रखने और चुनाव के बाद सत्ता में हिस्सेदारी का स्पष्ट आश्वासन लेने की बात कर रहा है। वहीं, कुछ नेताओं ने डीएमके के बजाय अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) के साथ संभावित गठबंधन का सुझाव दिया। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस हाईकमान ने साफ कहा कि चाहे सीट बंटवारे का सवाल हो या गठबंधन के स्वरूप का, अंतिम फैसला केंद्रीय स्तर पर ही लिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य नेताओं को यह भी निर्देश दिया गया कि गठबंधन को लेकर कोई भी सार्वजनिक बयान या अटकलें न लगाई जाएं। इस निर्देश को राजनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी के भीतर यह संदेश भी गया है कि फिलहाल कांग्रेस तमिलनाडु में डीएमके के साथ ही चुनावी मैदान में उतरने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## ET NOW पर दावोस डायरीज और बजट यात्रा

■ **NBT रिपोर्ट :** देश का जाना-माना बिजनेस न्यूज चैनल ET NOW सोमवार से दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक मंच, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक की हर छोटी-बड़ी खबर दिखाएगा। इसके विशेष प्रोग्राम दावोस डायरीज (Davos Diaries) के जरिए आपको स्विट्जरलैंड के दावोस से सीधी जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही ET NOW और ET NOW Swadesh पर 'बजट यात्रा 2026' भी जारी रहेगी। 5 से 25 जनवरी तक चलने वाली इस यात्रा में बड़े शहरों से दूर, देश के आम लोगों और छोटे कारोबारियों की बजट से जुड़ी उम्मीदों को दिखाया जा रहा है। बताया गया है कि दावोस डायरीज प्रोग्राम को ET NOW और ET NOW Swadesh पर KIA Seltos और Motorola के सहयोग से पेश किया जा रहा है।




मना रहे हैं 2.5L# TATA.evs का जश्न — भारतीय सड़कों पर कर रहे हैं राज
आपकी पसंदीदा TATA.ev पर ₹3.8L* तक के ऐसे ऑफ़र्स, जो पहले कभी नहीं◇ मिले.
TATA




Curvv.ev — शुरुआती कीमत ₹17.49L* — शानदार फ़ायदे ₹3.8L* — शुरुआती कम EMI ₹14,555▲
Punch.ev — शुरुआती कीमत ₹9.99L* — शानदार फ़ायदे ₹1.6L* — शुरुआती कम EMI ₹7,999▲
Tiago.ev — शुरुआती कीमत ₹7.99L* — शानदार फ़ायदे ₹1.5L* — शुरुआती कम EMI ₹5,999▲
Nexon.ev — शुरुआती कीमत ₹12.49L* — शानदार फ़ायदे ₹1.2L* — शुरुआती कम EMI ₹10,999▲

book TATA.ev

TATA.ev चार्ज 360+
मल्टीपल चार्जिंग एक्सेस
• 26k+ पब्लिक चार्जर्स
• 500+ .ev वेरिफ़ाइड चार्जर्स
• 100 TATA.ev मेगाचार्जर्स
सभी चार्जिंग ज़रूरतों के लिए 1 हॉटलाइन
• 24×7 हेल्पलाइन 1800 209 8989
• आसान होम चार्जिंग सपोर्ट
• चार्जिंग और ट्रिप प्लानिंग असिस्ट

GeM, CSD और KPKB में उपलब्ध

भारत में 12 बिलियन+ km## चली

BHARAT NCAP*

अपने नज़दीकी TATA Motors डीलरशिप के लिए स्कैन करें

EVs संबंधी अधिक जानकारी के लिए
call +91 92402 92401
visit ev.tatamotors.com

TATA.ev move with meaning

EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SECTOR 14, GURUGRAM: 9167161897; EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SOHNA ROAD, GURUGRAM: 9167518627
EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ : SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN:SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. NORTH DELHI: NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9619235905. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTI NAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. BHOJPUR: SAB MOTORS: 9152102564. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS:9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. WEST GREATER NOIDA: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI: SWAN MOTORS: 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579.BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.
Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

Images and illustrations are indicative and for information purpose only. All feature / specifications mentioned may vary from model to model and may not be available across all personas / variants. Features and specifications are subject to change without prior information. Please per internal data provided by charge point operators. ##Based on internal calculations. ◇"Never-before" refers to the overall value proposition across offers. Offers vary by model, variant, manufacturing year, location, and dealer stock. Please check with authorised dealers for exact Actual EMI amounts may vary based on loan amount and total on road price T&C Apply. *All India ex-showroom price. ■Offers vary by manufacturing year and personas. Discounts applicable on MY2025 vehicles may differ from those on MY2026 vehicles. Please check with consult an authorized TATA Motors dealer for latest information on features / specifications before deciding to place an order. Colours may not match actual colours due to printing limitations. *As per Bharat NCAP 2024 score, applicable to Punch.ev, Curvv.ev and Nexon.ev. "As details. #Cumulative sales milestone achieved across the TATA.ev portfolio since inception. Sales figures are indicative and rounded off. ▲Finance at the sole discretion of Financier The EMI figures shown above are based on specific loan amount and 120 month repayment period. authorised dealers for variant-wise and stock-wise details. Terms & conditions apply.

## AI के ताज़ा अपडेट्स

### गूगल का नया ट्रांसलेशन मॉडल

गूगल ने Translate Gemma नाम से नया ट्रांसलेशन मॉडल लॉन्च किया है। यह मॉडल खास तौर पर तेज और आसान ट्रांसलेशन के लिए बनाया गया है। इसे किसी भी डिवाइस पर चलाया जा सकता है। यह कम कम्प्यूटिंग पावर में भी अच्छा काम करता है। (NBT)

### Apple की चिप इसी साल

Apple इस साल से अपने AI सर्वर चिप्स का प्रोडक्शन शुरू कर सकता है। इससे कंपनी AI फीचर्स को बेहतर तरीके से विकसित करने, तेजी से चलाने और यूजर्स तक आसानी से पहुंचाने में सक्षम होगी। ये चिप बड़े डेटा सेंटर के लिए बन रहे हैं। (NBT)

### OpenAI ब्रेन तकनीक में भी

OpenAI ने अपने CEO सैम ऑल्टमैन की ब्रेन कम्प्यूटर इंटरफेस (BCI) स्टार्टअप Merge Labs में निवेश किया है। Merge Labs ऐसी तकनीक विकसित कर रही है, जिससे इंसानी दिमाग सीधे AI से जुड़ सके। किसी सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। (NBT)

### पूछें AI से जुड़ा कोई भी सवाल, हमारे एक्सपर्ट देंगे जवाब

कैसे तय होगा कि AI मानवता के लिए काम करेगा? - पैरा जोमर, दिल्ली

जवाब: AI का विकास पारदर्शी, नैतिक और जवाबदेह ढंग से होगा, तभी यह संभव होगा कि AI मानवता के लिए काम करेगा। अगर नियम, निगरानी और जवाबदेही कड़ी होगी तो यह सही राह पर रहेगा।

अगर आप भी AI से जुड़ी किसी जानकारी या सवाल का जवाब चाहते हैं, तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर ईमेल करें। हमारे एक्सपर्ट आपके सवालों के जवाब देंगे। ईमेल के सब्जेक्ट में AI जरूर लिखें।

# AI कंटेंट की लेबलिंग के लिए जल्द आएंगे नियम: IT सचिव



केंद्रीय आईटी सचिव ने कहा, AI इंपैक्ट समिट में जनभागीदारी पर फोकस, कई इवेंट्स पर रहेगा जोर



**Q क्या डेटा प्रोटेक्शन से जुड़े DPDP रूल्स बनाना और नोटिफाई करना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहा?**

नहीं, ये ज्यादा चैलेंजिंग नहीं रहा है। हमने कंसल्टेशन के लिए ...

NBT इंटरव्यू

# सिर्फ दुनिया नहीं, आपको भी समझेगा



Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अब तक हमने AI मॉडल्स को सवालों के जवाब देते, जानकारी खोजते या सलाह देते देखा है। लेकिन अब गूगल ने Gemini में एक नया फीचर पर्सनल इंटेलिजेंस लॉन्च किया है। इसका मतलब है कि अब Gemini सिर्फ 'सब कुछ जानने वाला' नहीं रहेगा, बल्कि 'आपको जानने वाला' ...

### गूगल का दावा- प्राइवेसी की चिंता जरूरी, पर यहां सब ठीक

पर्सनल इंटेलिजेंस में सबसे बड़ी प्राइवेसी को लेकर चिंता होती है। लेकिन गूगल के इस अपडेट के साथ प्राइवेसी की चिंता नहीं है। पहली बात कि पर्सनल इंटेलिजेंस खुद से चालू नहीं होता है, इसे आप अपनी सुविधा के अनुसार शुरू या बंद कर सकते हैं। यह भी तय कर सकते हैं कि कौन सा ऐप इससे ...

### AI मॉडल Gemini में लॉन्च हुआ पर्सनल इंटेलिजेंस

### आपके काम कैसे करेगा आसान

### इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं



## फटाफट खबरें

### राहुल आज केरल में, कल जाएंगे रायबरेली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर रहेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वह मनरेगा और एसआईआर कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को संदेश देंगे। इससे पहले राहुल सोमवार को केरल के कोच्चि में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे।

### प्रदूषण पर कांग्रेस ने केंद्र पर बोला हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ...

### 7 नए हिंदी भाषाओं को तमिलनाडु में पुरस्कार

### तेजस्वी ने लॉ एंड ऑर्डर पर नीतीश को घेरा

# कांग्रेस ने असम की मिट्टी घुसपैठियों को सौंपी, अब वोटरों की पसंद BJP: मोदी


■ पीटीआई, कालियाबोर (असम): प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर असम में घुसपैठियों को बढ़ावा देने और राज्य की सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम में अपने शासन के दौरान कांग्रेस ने सिर्फ वोटों के लिए राज्य की जमीन घुसपैठियों के हवाले कर दी। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार असम की पहचान बचाने के लिए घुसपैठियों को हटा रही है। कालियाबोर में 6,957 करोड़ रुपये के ...

... उन्होंने कहा, बीजेपी सरकार उन घुसपैठियों को हटाकर असम की पहचान और संस्कृति की रक्षा कर रही है, जिन्होंने जमीन हड़प ली थी।

पीएम ने कहा, घुसपैठिए जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ रहे हैं, हमारी संस्कृति पर हमला कर रहे हैं, गरीबों और युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं। उन्होंने आदिवासी ...

... पूरी तरह नकार दिया। असम के लोग भी उन्हें ऐसा ही करारा जवाब देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नकारात्मक राजनीति करती है, इसलिए लोगों ने उस पर से भरोसा खो दिया है। अब देश के वोटरों की पहली पसंद बीजेपी है। बिहार में 20 साल सत्ता में रहने के बाद भी पार्टी को रेकॉर्ड वोट मिले।



पीएम मोदी ने असम के कालियाबोर में 6,957 करोड़ रुपये के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की नींव रखी।



डिब्रूगढ़ में भीड़ उमड़ी। पीएम मोदी ने अमृत भारत ट्रेन को दी हरी झंडी

### काजीरंगा को सौगात

■ काजीरंगा कॉरिडोर: 6,957 करोड़ की लागत से बनने वाला ...

■ रेल बजट में उछाल: असम का रेल बजट 2,000 करोड़ से बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये किया गया।

### AIUDF से अलायंस नहीं: गौरव गोगोई

... उन्होंने सीएम सरमा को राज्य का 'सबसे बेईमान' मुख्यमंत्री बताया। गौरव गोगोई ने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस राज्य में शांति और भाईचारा फिर से बहाल करेगी।

### दिल्ली के आगे नहीं झुकेगा बंगाल: अभिषेक

... जनता को झुकाया नहीं जा सकता। अभिषेक ने दावा किया कि 2026 में बंगाल में टीएमसी की चौथी बार जीत होगी और यही जीत दिल्ली से बीजेपी की विदाई का रास्ता साफ करेगी। बनर्जी ने कहा कि बंगाल के लोग 'बाहरी और दिल्ली के जमींदारों' के सामने नहीं झुकेंगे।

# अध्यक्ष के लिए नामांकन आज, BJP देगी कई संदेश

Poonam.Pandey@timesofindia.com



नितिन नबीन

■ नई दिल्ली : बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी सीनियर नेताओं के रहने की उम्मीद है। कई राज्यों से मुख्यमंत्री और सीनियर नेता भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। इस नामांकन और चुनावी प्रक्रिया का नतीजा सबको लगभग पता है कि कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ही निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाएंगे। लेकिन तब भी बीजेपी यह पूरी प्रक्रिया करके कई संदेश देना चाहती है।

**पार्टी में लोकतंत्र**

बीजेपी इस प्रक्रिया के जरिए यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है और पार्टी लोकतंत्र पर विश्वास रखती है। बीजेपी के एक नेता ने कहा कि भले ही अब तक भी अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाते रहे हैं लेकिन यह साफ संदेश देता है कि पद किसी की मेहरबानी या किसी की पसंद नापसंद से नहीं मिलता ... जाने का मतलब है कि पार्टी में सभी एकमत हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि इससे दिखता है कि पार्टी में एकजुटता है और अनुशासन है और सर्वसम्मति से फैसले लिए जाते हैं। साथ ही पूरी चुनावी प्रक्रिया के जरिए बीजेपी यह भी दिखाती है कि बीजेपी कैडर बेस्ड पार्टी है। इसलिए बूथ स्तर से चुनाव शुरू होता है और राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी के संविधान के हिसाब से चुनावी प्रक्रिया का पालन होता है।

**कोई हाईकमान नहीं**

बीजेपी हमेशा ही कांग्रेस सहित दूसरी पार्टियों पर आरोप लगाती है कि वहां परिवारवाद है और परिवार से ही अध्यक्ष ...

# ...तो 10 से 12 साल में खत्म हो जाएगा जातिगत भेदभाव: भागवत



RSS प्रमुख मोहन भागवत

■ पीटीआई, छत्रपति संभाजीनगर: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अगर हम समाज से जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव को जड़ से खत्म करना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें अपने दिमाग से जाति की बात निकालनी होगी। शनिवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित एक जन-संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि पुराने समय में जाति का सीधा संबंध इंसान के पेशे और उसके काम से होता था। लेकिन बाद में यह समाज में इतनी गहराई से बैठ गई कि इसकी वजह से ... पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

वहीं, मोहन भागवत ने कहा कि जब तक भारत धर्म के रास्ते पर चलेगा, तब तक वह विश्वगुरु बना रहेगा। ...

# पंजाब में AAP MLA ने छोड़ी कैबिनेट रैंक

■ पीटीआई, चंडीगढ़: पंजाब के बंगा से विधायक सुखविंदर कुमार सुखी ने रविवार को पंजाब स्टेट कंटेनर एंड वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपना कैबिनेट रैंक भी छोड़ दिया है। सुखी ने कहा कि खटकड़ श्री नव कंवल राजा साहिब गुरुद्वारे पर जो सवाल उठाए गए हैं, उससे गहरी ठेस पहुंची है। सुखी 2024 में शिरोमणि अकाली दल (SAD) छोड़कर आम आदमी पार्टी ...

# कांग्रेस का निर्देश, तमिलनाडु में पार्टी नेता बयानबाज़ी से बचें



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के भीतर गठबंधन को लेकर मंथन तेज हो गया है। राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात की और चुनावी रणनीति पर अपनी राय रखी।

बैठक के दौरान तमिलनाडु कांग्रेस के नेताओं में मतभेद भी सामने आए। एक धड़ा सत्तारूढ़ डीएमके के साथ मौजूदा गठबंधन को बनाए रखने और चुनाव के बाद सत्ता में हिस्सेदारी का स्पष्ट ... कि चाहे सीट बंटवारे का सवाल हो या गठबंधन के स्वरूप का, अंतिम फैसला केंद्रीय स्तर पर ही लिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य नेताओं को यह भी निर्देश दिया गया कि गठबंधन को लेकर कोई भी सार्वजनिक बयान या अटकलें न ...

# ET NOW पर दावोस डायरीज और बजट यात्रा

■ NBT रिपोर्ट : ...








Curvv.ev शुरुआती कीमत ₹17.49L* | शानदार फ़ायदे ₹3.8L* | शुरुआती कम EMI ₹14,555^
Punch.ev शुरुआती कीमत ₹9.99L* | शानदार फ़ायदे ₹1.6L* | शुरुआती कम EMI ₹7,999^
Tiago.ev शुरुआती कीमत ₹7.99L* | शानदार फ़ायदे ₹1.5L* | शुरुआती कम EMI ₹5,999^
Nexon.ev शुरुआती कीमत ₹12.49L* | शानदार फ़ायदे ₹1.2L* | शुरुआती कम EMI ₹10,999^

book TATA.ev

TATA.ev चार्ज 360+
मल्टीपल चार्जिंग एक्सेस: • 26k+ पब्लिक चार्जर्स • 500+ .ev वेरिफ़ाइड चार्जर्स • 100 TATA.ev मेगाचार्जर्स
सभी चार्जिंग ज़रूरतों के लिए 1 हॉटलाइन: • 24×7 हेल्पलाइन 1800 209 8989 • आसान होम चार्जिंग सपोर्ट • चार्जिंग और ट्रिप प्लानिंग असिस्ट

GeM, CSD और KPKB में उपलब्ध
भारत में 12 बिलियन+ km## चली
BHARAT NCAP*
अपने नज़दीकी TATA Motors डीलरशिप के लिए स्कैन करें
EVs संबंधी अधिक जानकारी के लिए: call +91 92402 92401 | visit ev.tatamotors.com
TATA.ev move with meaning

EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SECTOR 14, GURUGRAM: 9167161897; EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SOHNA ROAD, GURUGRAM: 9167518627
Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC
EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. NORTH DELHI: NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9619235905. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTI NAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. BHOJPUR: SAB MOTORS: 9152102564. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. WEST GREATER NOIDA: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918, 8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI: SWAN MOTORS: 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANINEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 7164757934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

## विचार

आपकी असली उन्नति बाधाओं से बचने में नहीं, बल्कि उन्हें पार करने की क्षमता में है। चुनौतियों को जीतना ही वास्तविक सफलता है।

– सरदार वल्लभभाई पटेल

## कविता

### विश्वास विश्व की आस


AI Image

विश्वास विश्व की आस भी
पर इसमें विष का वास भी
करना है यह विष निष्प्रभाव
हम सब को यह समझाते हैं
कैसे होना और क्या है राह
यह युक्ति तुम्हें बताते हैं।
लोकमत को बाधित कर
कुप्रथाओं का उपचार करे
जन का परिपेक्ष उपेक्षित कर
अपशब्दों को अलंकार करे
करके धारण इस विष को
आओ सब शिव बन जाते हैं
दाब इसे कर नीलमणि
सब नीलकंठ हो जाते हैं।
मन में एक दृढ़ विश्वास लिए
विपदाओं का श्रृंगार करें
सांसारिक बंधन विस्मृत कर
त्रुटियों को अंगीकार करें।
विष को अमृत कर पी जाए
हम सब मीरा कहलाते हैं
दृढ़ संकल्प से इसे हरा
आओ मिसाल बन जाते हैं।

–मृदुला, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

## उम्मीद का फैक्ट

### साइंस पढ़ने में भारत की लड़कियां बड़े देशों में सबसे आगे


AI Image

STEM (साइंस, टेक्नॉलजी, इंजीनियरिंग, गणित) की पढ़ाई में भारतीय महिलाओं ने अमेरिका, ब्रिटेन जैसे विकसित देशों को भी पीछे छोड़ दिया है।

- भारत में STEM विषयों (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित) से ग्रैजुएट करने वालों में 43% महिलाएं हैं। यह दुनिया में सबसे ऊंचे आंकड़ों में से एक है।
- STEM ग्रैजुएशन में महिलाओं की भागीदारी अमेरिका में 34%, ब्रिटेन में 38%, और जर्मनी में मात्र 27% है।
- IITs में छात्राओं की संख्या जो कभी सिंगल डिजिट में हुआ करती थी, 2025-26 में करीब 20% पहुंच गई। विज्ञान विषयों में PhD करने वालों में महिलाओं की संख्या में सालाना 12% की ग्रोथ।

सोर्स: AISHE रिपोर्ट, शिक्षा मंत्रालय

# तस्करों से छुड़वाया, अपनों से मिलाया... अब तक 1500+ बच्चों को बचाया

Sandeep.Rai@timesofindia.com

■ रेलवे स्टेशनों पर हर हफ्ते कई बच्चे लापता हो जाते हैं। कोई काम के झांसे में आ जाता है, कोई घर से भागकर ट्रेन पर चढ़ जाता है। इन्हीं बच्चों को बचाने का काम पिछले तीन साल से RPF इंस्पेक्टर चंदन सिन्हा कर रही हैं। उन्होंने यूपी के रेलवे नेटवर्क पर अब तक 1,500 से ज्यादा बच्चों को सुरक्षित बचाया है। इसी काम के लिए भारतीय रेलवे ने उन्हें अपना सबसे बड़ा सम्मान 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' दिया है। 41 साल की चंदन सिन्हा, बिहार के बिलासपुर में पली-बढ़ीं। उन्होंने 2010 में RPF जॉइन किया। उन्हें 1980 के दशक के टीवी सीरियल 'उड़ान' से प्रेरणा मिली थी, जो IPS अफसर कल्याणी सिंह पर आधारित था। चंदन कहती हैं, वर्दी में किसी महिला को पहली बार वहीं देखा था, और तभी तय किया था कि क्या करना है। साल 2024 में उनकी टीम ने 494 बच्चों को ट्रेनों और स्टेशनों से रेस्क्यू किया। इनमें 41 बाल मजदूरी के लिए तस्करी का शिकार हो चुके थे। इन 494 में से 152 बच्चों को चंदन सिन्हा ने खुद मौके पर जाकर रेस्क्यू किया।




**लखनऊ के रेल स्टेशन से संभालती हैं सारा ऑपरेशन:** चंदन सिन्हा इस वक्त लखनऊ के चारबाग स्टेशन से ये सारा ऑपरेशन संभाल रही हैं। जब उन्होंने काम शुरू किया, तब कोई तय रेस्क्यू मॉडल नहीं था। धीरे-धीरे छोटे-छोटे तरीके एक सिस्टम में बदल गए। इसके तहत प्लैटफॉर्म पर नजर रखना, संदिग्ध हालात पहचानना, मुखबिरों का नेटवर्क बनाना, NGOs से जुड़ना और ऐसा प्रोटोकॉल तैयार करना जो बिना हंगामे के तेजी से काम करे। उनका अनुभव 2022 में और गहरा हुआ, जब वे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैनात थीं। वहां उन्होंने दो घंटे तक भीड़ में एक महिला और उसके तीन साल के बेटे को खोजा, जो खो गए थे। आखिरकार दोनों एक बेंच पर सुरक्षित मिल गए। चंदन कहती हैं, उस घटना ने बच्चों को देखने का उनका नजरिया बदल दिया।


रेलवे के सर्वोच्च सम्मान से महक रही है 'सुपर कॉप' चंदन की मेहनत

### जब मिला ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते का ज़िम्मा

जून 2024 में उन्हें ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते की जिम्मेदारी मिली। ये रेलवे की चाइल्ड रेस्क्यू पहल थी। उनकी टीम बिहार से पंजाब और हरियाणा जाने वाले तस्करी रूट्स पर खास नजर रखती है। चंदन बताती हैं, रेस्क्यू अक्सर किसी सूचना से नहीं, बल्कि खामोशी से शुरू होता है- कोई बच्चा अकेला बैठा है, कोई बहुत डरा हुआ है, या बच्चे और उसके साथ मौजूद व्यक्ति के बीच कुछ संदिग्ध लगता है। कई बार बच्चे से बात करने में घंटों लग जाते हैं। कई बार बच्चे चुप रहते हैं, तो कई बार रटी-रटाई कहानी सुनाते हैं।

### पिछले साल हज़ार से ज़्यादा बच्चों को बचाया

2025 में उनकी टीम ने 1,032 बच्चों को बचाया है, जिनमें 39 तस्करी के शिकार बच्चे थे। इनमें एक छह साल की बच्ची भी शामिल थी। कई मामलों में माता-पिता केस दर्ज न कराने की गुहार लगाते हैं, क्योंकि उन्हें 'इज्जत' की चिंता होती है। चंदन कहती हैं, ऐसे परिवारों को समझाना भी उतना ही जरूरी है। सीनियर अधिकारी कहते हैं कि चंदन की पहल निगरानी रखना नहीं, बल्कि मौजूद रहने से जुड़ी है। इसके लिए भरोसे पर आधारित टीम बनाई है। यह काम चंदन के पारंपरिक RPF के दायरे से बाहर था, लेकिन उन्होंने इसे अपना लिया।

दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम होगा 'युगे युगीन भारत', इस साल खुलेगी पहली गैलरी

# जहां रची गई देश की किस्मत, अब वहां धड़केगा इतिहास


Ambika.Pandit@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली का वो इलाका, जिसे हम 'पावर कॉरिडोर' कहते हैं, जहां से कभी देश की किस्मत के बड़े फैसले लिए जाते थे, अब वहां से हमारी सभ्यता और संस्कृति की खुशबू आएगी। दिल्ली के नॉर्थ और साउथ ब्लॉक, जहां बड़े-बड़े मंत्रियों और अधिकारियों की गाड़ियों का तांता लगा रहता है, अब वह दुनिया के सबसे बड़े म्यूजियम 'युगे युगीन भारत' (Yuge Yugeen Bharat Museum) का पता होगा। यह सिर्फ एक म्यूजियम नहीं, बल्कि एक टाइम मशीन जैसा होगा। यह आपको सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज के आधुनिक भारत तक की झलक देखने को मिलेगी।


**1 लाख अनमोल धरोहरें:** इस म्यूजियम का स्केल इतना बड़ा है कि इसे दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम कहा जा रहा है। करीब 1.55 लाख स्क्वायर मीटर में फैला यह म्यूजियम अगले तीन साल में पूरी तरह बनकर तैयार होगा। कल्चर सेक्रेटरी विवेक अग्रवाल ने बताया कि देश भर के अलग-अलग म्यूजियम्स से करीब 20 लाख चीजों की मैपिंग की गई है, जिनमें से चुनकर लगभग 80,000 से 1 लाख अनमोल चीजें यहां रखी जाएंगी। साल के अंत तक नॉर्थ ब्लॉक में इसकी पहली गैलरी खुल जाएगी, जो हमें हमारे इतिहास की एक इमोशनल और खूबसूरत झलक दिखाएगी।

**नॉर्थ और साउथ ब्लॉक के बीच होगा 'अंडरग्राउंड' कनेक्शन:** म्यूजियम का अनुभव ऐसा होगा जैसा आपने पहले कभी नहीं किया होगा। सरकार एक खास प्रपोजल पर काम कर रही है, जिसमें नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को जमीन के नीचे एक सुरंग (टनल) के जरिए जोड़ा जाएगा। यह सुरंग सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि एक 'कल्चरल हब' होगी, ताकि बाहर की सिक्योरिटी और ट्रैफिक को डिस्टर्ब किए बिना लोग आराम से एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक जा सकें।

**Louvre और Met जैसा होगा अहसास:** इसे डिजाइन करने के लिए दुनिया के बेहतरीन दिमागों को जोड़ा गया है। ARCOP कंसोर्टियम की टीम और मशहूर आर्किटेक्ट कुलपत करारास इस पर काम कर रहे हैं। कुलपत वही नाम हैं जिन्होंने पेरिस के 'लूव्र' (Louvre) और न्यूयॉर्क के 'मेट' (Met) जैसे वर्ल्ड-फेमस म्यूजियम्स की गैलरीज डिजाइन की हैं। उनके साथ मिलकर टीम यहां कैफे, बुक शॉप और रीक्रिएशन एरिया भी बना रही है।


कमरों, गलियारे और आंगनों को थीम प्रदर्शनी में शामिल करने का प्रस्ताव





नॉर्थ ब्लॉक का गुंबददार रोटंडा अब बनेगा प्रदर्शनी क्षेत्र

### जहां कभी फाइलें चलती थीं, अब वहां इतिहास बहेगा!

#### म्यूजियम का विशाल आकार

- नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को मिलाकर करीब 1.55 लाख वर्ग मीटर में फैला होगा।
- करीब 80,000 वर्ग मीटर में शानदार गैलरीज बनाई जाएंगी।
- हर साल करीब 1 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।

#### अभी यहां क्या-क्या है?

- **नॉर्थ ब्लॉक:** 75,777 वर्ग मीटर एरिया, बेसमेंट समेत 3 मंजिलें, 650 ऑफिस और 5 गेट।
- **साउथ ब्लॉक:** 78,777 वर्ग मीटर एरिया, बेसमेंट समेत 3 मंजिलें, 475 ऑफिस और 4 गेट।
- हर ब्लॉक में 7 आंगन और 1 बड़ा गुंबद वाला हॉल है।
- ऑफिसों के लिए बाद में बनाए गए छोटे केबिन और दीवारों को हटाकर कमरों को फिर से पुराने और असली आकार में लाया जा रहा है।

### क्या-क्या देखने को मिलेगा?

- प्राचीन पाण्डुलिपियां (Manuscripts), मूर्तियां, पुराने सिक्के और शिलालेख।
- पारंपरिक कपड़े, पेंटिंग्स, भित्ति चित्र (Murals) और सजावटी कला।
- पुरातात्विक खोजें, पुरानी तस्वीरें और वीडियो (Audio-Visual) जानकारी।
- पुरानी इमारतों और वास्तुकला के ऐतिहासिक हिस्से।

### दुनिया से तुलना (बड़े म्यूजियम और गैलरी साइज)

- लूव्र (Louvre), पेरिस 72,735 वर्ग मीटर
- स्टेट हर्मिटेज, रूस 66,842 वर्ग मीटर
- मेट म्यूजियम, न्यूयॉर्क 58,820 वर्ग मीटर



### भारत के प्रमुख म्यूजियम (डिस्प्ले एरिया)

- सालारजंग म्यूजियम: **21,526** वर्ग मीटर
- साइंस सिटी, कोलकाता: **19,109** वर्ग मीटर
- नैशनल म्यूजियम: **12,495** वर्ग मीटर

*युगे युगीन भारत म्यूजियम इन सबसे सबसे बड़ा होने जा रहा है।*

'युवा फेस्टिवल' में छाए 6 आइडियाज़

# रोबॉटिक्स से साइबर सुरक्षा, पानी में घुलेगा सैनिटरी पैड



Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** राजधानी में स्टार्टअप कल्चर तेजी से उभर रहा है। एक ओर आईआईटी दिल्ली से यूनिकॉर्न फाउंडर्स समेत कई बड़े लेवल के स्टार्टअप फाउंडर्स निकल रहे हैं, तो दूसरी ओर दिल्ली की बाकी यूनिवर्सिटी भी स्टार्टअप के लिए सीड मनी, मेंटॉरशिप, इन्क्यूबेशन से लेकर कई सुविधाएं स्टूडेंट्स को देकर उन्हें बिजनेस खड़ा करने के लिए बढ़ावा दे रही है। दिल्ली में स्टार्टअप कल्चर को बूम देने वाला हार्डवेयर, इन्वेस्टर्स, मैन्युफैक्चरर्स का इकोसिस्टम भी है, ऐसे में स्टूडेंट्स के आइडियाज की जरूरत है मेंटॉरशिप और निवेश की। दिल्ली सरकार का 'स्टार्टअप युवा फेस्टिवल' के पहले एडिशन से इसी सोच के साथ कदम बढ़ाया। फेस्ट में 14 जनवरी को 100 स्टार्टअप्स को 1 लाख रुपये और टॉप 6 स्टार्टअप्स को 10-10 लाख रुपये की इक्विटी-फ्री ग्रांट भी दी गई है।

### इन टॉप 6 स्टार्टअप्स ने मारी बाजी

**1. HeliousAI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)**
यह स्टार्टअप AI और डेटा एनालिटिक्स के जरिए इंडस्ट्री और लॉजिस्टिक्स की कार्यक्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। फाउंडर कृतिका के अनुसार, यह मॉडल पेटेंट के लिए तैयार है।

**2. AllSecureX (साइबर सुरक्षा)**
DTU के छात्र हिमांशु बोहरा का यह स्टार्टअप साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है। इन्होंने दुनिया की महंगी 'क्वांटम सिक्योरिटी' को 100 गुना सस्ता कर दिया है।

**3. बायोकेयर - FlushSHE (हेल्थ एवं पर्यावरण)**
आरुषि डल्ला का ग्रीन स्टार्टअप महिलाओं की सेहत और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा कर रहा है। भारत का पहला पूरी तरह से 'फ्लश होने वाला' बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड है। पौधों से निर्मित पैड पूरी तरह केमिकल-मुक्त है और टॉयलेट में बहाने के 8-10 घंटे के भीतर पानी में घुल जाता है।

**4. Arista Vault (स्मार्ट ट्रैवल प्रोडक्ट्स)**
अतुल गुप्ता ने मेट्रो में अपना वॉलेट चोरी होने के बाद इस स्टार्टअप की नींव रखी। यह भारत का पहला स्टार्टअप है जो AI और IoT तकनीक से लैस स्मार्ट वॉलेट, बैग और ट्रैवल एक्सेसरीज बनाता है।

**5. Heuronics (डीप टेक और रोबॉटिक्स)**
DTU के पूर्व छात्र ध्रुव उप्रेती ने इस डीप टेक स्टार्टअप की शुरुआत की। इनके रोबॉट्स रक्षा, समुद्री सुरक्षा और गहरे पानी में मॉनिटरिंग के लिए मिशन-रेडी समाधान देते हैं।

**6. Logify360 (डिजिटल मॉनिटरिंग)**
शुभांगी गुप्ता द्वारा स्थापित यह AI प्लेटफॉर्म कंपनियों के डिजिटल इकोसिस्टम (सर्वर, क्लाउड, ऐप्स) की जटिल समस्याओं को साधारण भाषा में समझाता है। यह इंजीनियरिंग टीमों के लिए मेसवर्क खत्म कर तुरंत समाधान की दिशा में काम करता है।

लौट आया 'वाइल्ड' खाने का असली क्रेज़

# लग्ज़री होटलों के मेन्यू में पहुंच रहा है जंगलों का शुद्ध ज़ायका और आदिवासियों की कला

Sneha.Bhura@timesofindia.com

■ **अरुणाचल प्रदेश** की चुन वैली के एक छोटे से गांव 'दुरम' में एक 60 साल के बुजुर्ग हैं। पूरे इलाके में सिर्फ वही जानते हैं कि 'चाइनीज लैकर ट्री' की राल को बिना खुजली और जलन के कैसे निकाला जाता है। इसे वहां की स्थानीय भाषा में 'फुरशिंग' कहते हैं। सदियों से इस राल का इस्तेमाल प्रसव के दर्द को कम करने और बर्तनों को चमकाने के लिए होता आया है, लेकिन आज यही 'फुरशिंग' दिल्ली के आलीशान होटलों में 'कॉर्न टार्ट्स' का स्वाद बढ़ा रही है। पिछले महीने, 'डमू हेरिटेज डाइन' की महिलाएं 12 घंटे का पैदल सफर तय कर दिल्ली पहुंचीं। वे अपने साथ आधा किलो 'फुरशिंग' लाईं और साउथ दिल्ली के मशहूर 'साइडकार' बार में अपना सिग्नेचर व्यंजन 'फुरशिंग सौम्बु' पेश किया। डमू की मैनेजर लाइके योमू कहती हैं कि पहले लोग जंगल का सिर्फ दोहन करते थे, लेकिन आज हमारा काम जंगल को बचाने और स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया बन गया है।


एक तरफ फूड एक्सपर्ट्स शहरी युवाओं को खाने लायक जंगली चीजों की पहचान करना सिखा रहे हैं, तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े शेफ जंगल के इस पारंपरिक ज्ञान को आलीशान होटलों की खास डिश में बदल रहे हैं

### कैसे परखा पुरखों का ज्ञान

सदियों से आदिवासियों का 'फोरेजिंग' तरीका अब शेफों द्वारा दुनिया के सामने लाया जा रहा है। वंशिका भाटिया, प्रतीक साधु और थॉमस जैकरिया महाराष्ट्र, नागालैंड और गुजरात की जंगली सामग्रियों जैसे सी एस्पैरागस, तिमुर मसाला और रशियन सेज का उपयोग करते हैं। दिल्ली के बार्बर एंड फाल्स में कुमाऊं के सूखे म्योलों से कॉकटेल तैयार हुआ। गोवा और ओडिशा में शेफ्स ने स्थानीय समुदायों का भरोसा जीतकर जंगल से सामग्री जुटाई।



### खरपतवारों से टेस्टी पकौड़े

श्रुति थरयिल का प्रोजेक्ट 'फॉरगॉटन ग्रीन्स' हमें सिखाता है कि शहर की सड़कों के किनारे उगने वाला 'कुल्फा' (Purslane) भी पौष्टिक हो सकता है। वे दिल्ली-चेन्नई जैसे शहरों में वॉक कराती हैं और लोगों को 'बंगाल डेफ्लावर' जैसी खरपतवारों से पकौड़े बनाना सिखाती हैं। श्रुति कहती हैं कि असली मकसद सिर्फ लग्जरी खाना नहीं, बल्कि अपनी प्रकृति से दोबारा जुड़ना है।



## संक्रांति का जश्न, खिलखिलाई परंपरा

बेंगलुरु के जक्कूर ग्राउंड में रविवार को 'सुग्गी हुग्गी' संक्रांति उत्सव का दूसरा दिन परंपराओं के रंग में रंगा नजर आया। फूलों से सजी बैलगाड़ी की सवारी और उसके ठीक पीछे आसमान को छूने को बेताब यह विशालकाय रंगीन पतंग हर किसी के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दौरान कोगिलु नृत्य और पतंगबाजी की प्रतियोगिताओं ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी।

Chetan Shivakumar

शमशान के सन्नाटे में यूं संवर रहा है भविष्य

# जहां ज़िंदगी थमती है, वहीं से शुरू कामयाबी का सफर

Proshun.Chakraborty@timesofindia.com




■ **नागपुर:** नागपुर में सुबह के समय, जब शहर अपनी नींद से जाग रहा होता है, तब कुछ युवा हाथों में किताबें और नोटबुक लेकर पीली नदी के किनारे-किनारे चलते दिखाई देते हैं। उनका रास्ता श्मशान की ओर जाता है, लेकिन ये छात्र किसी अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होते, बल्कि अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी परीक्षा की तैयारी करने आ रहे होते हैं। उत्तरी नागपुर के 'नारी दहनशील निर्माण घाट' पर बनी यह दो मंजिला लाइब्रेरी शायद देश की सबसे अनोखी पढ़ाई की जगह है। जलती चिताओं से मात्र 20 मीटर की दूरी पर यह स्टडी सेंटर छात्रों के लिए सन्नाटा और शांति का अनुभव देता है।

इस सेंटर की कल्पना पूर्व कॉर्पोरेटर मनोज सांगोले ने की थी। उनका कहना है कि श्मशान को अक्सर अंत से जोड़ा जाता है, लेकिन यह जगह युवाओं को नई शुरुआत का मौका देती है। 2017 में लगभग 92 लाख रुपये की लागत से यह लाइब्रेरी तैयार हुई। बैंकिंग की तैयारी कर रहे रोहित कहते हैं कि घर में शोर होने की वजह से ध्यान लगाना मुश्किल था, लेकिन यहां का माहौल स्वाभाविक रूप से फोकस करने पर मजबूर करता है। रेलवे की तैयारी कर रही प्रिया बताती हैं कि शुरू में यह जगह डरावनी लगी थी, लेकिन अब मोटिवेट करती है। यह स्टडी सेंटर कई सक्सेस स्टोरीज दे चुका है। विपिन लामसोंगे को रेलवे में नौकरी मिली है, जबकि दीपक खोरगड़े इंडियन नेवी में चयनित हुए। केयरटेकर मीना खापर्डे बताती हैं कि जो भी लगन से पढ़ता है, वह सफलता हासिल करता है।




# क्या उद्धव गुट में पड़ी फूट? पार्टी के 15 पार्षदों से संपर्क नहीं

## शिंदे गुट ने पार्षदों को होटल में कैद करने के आरोपों पर दी सफाई

■ पीटीआई, मुंबई

**महाराष्ट्र में** शिंदे गुट से जीते पार्षदों के होटल में कैद होने के आरोपों के बीच उद्धव गुट के 15 नगरसेवकों का कथित रूप से पार्टी से संपर्क नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे के यह नगरसेवक सत्ताधारी पार्टी में शामिल होने की कोशिश में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं।

उधर, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिवसेना के 29 पार्षदों को ताज लैंड्स एंड होटल में बुलाकर वहां रखा गया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता एकनाथ शिंदे पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने पार्षदों को बंधक बना रखा है। शिंदे गुट की नेता शीतल म्हात्रे ने कहा, पार्षदों को बंधक नहीं बनाया गया है। 29 में से 20 नगरसेवक पहली बार चुनाव जीते हैं उन्हें कैसे कामकाज करना है इसकी ट्रेनिंग के लिए उन्हें होटल में रखा गया है। हमें होटल पॉलिटिक्स की जरूरत नहीं है। किसी के पीठ में छुरा घोंपने की हमारी भूमिका नहीं है। जनता ने महायुति को जनमत दिया है और हमारा ही मेयर बनेगा।

> शिंदे गुट की नेता ने कहा, पार्षद वर्कशॉप के लिए होटल में हैं



BMC चुनाव में महायुति जीती। बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### ठाकरे भाइयों पर राणे का निशाना

बीजेपी नेता नितेश राणे ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर हमला बोला। कहा, 'छत्रपति संभाजी महाराज के साथ धोखा करने वालों और ठाकरे बंधुओं में कोई अंतर नहीं है। राणे ने ये बातें संजय राउत के बयान के जवाब में कहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एकनाथ शिंदे ने 'गद्दारी' न की होती तो बीजेपी बीएमसी चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाती।

### ताज होटल को आर्थर रोड की जेल बना दिया: संजय राउत

पीटीआई, मुंबई : शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने पार्षदों को होटल में रखने के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि शिंदे गुट ने ताज होटल को ग्वांटा और आर्थर रोड जेल बना दिया है, जहां नए चुने गए पार्षदों को बंद कर दिया है। उनका आरोप है कि शिवसेना को डर है कि उनके पार्षदों को तोड़ा जा सकता है। राउत ने कहा, मुख्यमंत्री को तुरंत आदेश देना चाहिए कि होटल में बंद किए गए पार्षदों को छोड़ दिया जाए।



संजय राउत

> मुंबई के मेयर पर सस्पेंस के बीच राउत ने शिंदे पर कसा तंज

'BJP मेयर नहीं चाहते शिंदे गुट के कई पार्षद' राउत ने दावा किया है कि शिंदे गुट की शिवसेना के कई नवनिर्वाचित पार्षद मुंबई में बीजेपी का मेयर नहीं चाहते। उनका कहना है कि ये पार्षद मूल रूप से बाल ठाकरे की शिवसेना से जुड़े रहे हैं और उनकी भावना बीजेपी मेयर के खिलाफ है। दावा किया कि खुद एकनाथ शिंदे भी नहीं चाहते कि मुंबई में बीजेपी का मेयर बने। वहीं, शिंदे गुट की नेता शीतल म्हात्रे ने इन आरोपों को खारिज किया।

## आवारा पशु पालने पर ₹12 हजार/माह

■ भाषा, पिथौरागढ़: उत्तराखंड सरकार ने आवारा पशुओं को सड़कों और खेतों से हटाने के लिए दो योजनाएं शुरू की हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पशुपालन विभाग की ये योजनाएं केवल ग्रामीण इलाकों के लिए है। पिथौरागढ़ के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. योगेश शर्मा ने रविवार को बताया, ग्राम गौर सेवक योजना के तहत अधिकतम पांच नर आवारा पशुओं को पालने वाले को 80 रुपये प्रति पशु के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे जबकि उन पशुओं को निशुल्क स्वास्थ्य देखभाल भी मिलेगी। इस तरह, पांच नर आवारा पशुओं को रखने वालों को पशुपालन विभाग 12 हजार रुपये प्रतिमाह देगा। जिले में इस योजना का लाभ 6 लोगों को मिल रहा है।

> उत्तराखंड के लोगों को 5 नर पशुओं को पालने पर मिलेगा योजना का फायदा

## इस साल नंदा देवी राजजात यात्रा टली



NBT रिपोर्ट, देहरादून: उत्तराखंड की सबसे लंबी, कठिन मानी जाने वाली पैदल धार्मिक यात्रा नंदा देवी राजजात यात्रा को 2026 में नहीं कराया जाएगा। श्री नंदा देवी राजजात समिति ने इसे स्थगित करने का ऐलान किया।

समिति ने बताया, इलाके में जरूरी तैयारियां और काम समय पर पूरे नहीं हो पाए हैं। यात्रा 2027 में होगी। करीब 280 किलोमीटर लंबी यह यात्रा हर 12 साल में निकलती है। इस बीच, उत्तराखंड के नंदा देवी नेशनल पार्क में लगी आग के बावजूद फूलों की घाटी पूरी तरह सुरक्षित है। कुछ इलाकों में हल्की आग लगी थी, जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया।

# बेल्ट, चप्पलों से पीटा... दून मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, जांच कमिटी बनाई

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**देहरादून के** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में रैगिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। कॉलेज के एक जूनियर स्टूडेंट ने आरोप लगाया है कि सीनियर स्टूडेंट्स ने उसे बेल्ट और चप्पलों से पीटा। चीफ वॉर्डन ने दो स्टूडेंट्स को हॉस्टल से निकाल दिया है। मामले में स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने जांच के आदेश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं अनुशासन और व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं।





पीड़ित छात्र ने यह शिकायत कॉलेज प्रशासन और चीफ वार्डन को लिखित रूप में दी है। शिकायत में छात्र ने बताया कि 2023 बैच के मोहम्मद शाकिब और 2024 के प्रशांत पंवार ने पहले हॉस्टल में पीटा और फिर कैंपस के बाहर भी हमला करने की कोशिश की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सीनियर्स ने बाल काटने की भी कोशिश की। इस घटना से वह मानसिक रूप से टूट चुका है। दून मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल, डॉ. गीता जैन, ने बताया है कि इस घटना की जांच के लिए एंटी-रैगिंग कमिटी बनाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

> मुझे कुछ सीनियर स्टूडेंट्स ने हॉस्टल में बेल्ट और चप्पलों से पीटा। कैंपस के बाहर भी हमला करने की कोशिश की। बाल काटने की भी कोशिश की- पीड़ित स्टूडेंट

## पत्नी ने कहा- वांगचुक एकांत कोठरी में, मगर उम्मीदों से भरे

■ भाषा, नई दिल्ली

**जलवायु कार्यकर्ता** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने जोधपुर की जेल में बंद अपने पति की रूटीन शेयर करते हुए बताया कि वे दुनिया से कटे एकांत कोठरी में कैद हैं, लेकिन आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरे हुए हैं। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार किया गया था। गीतांजलि अंगमो ने बताया कि वांगचुक जेल में फर्श पर कंबल बिछाकर सोते हैं। उनके पास न बिस्तर है और न ही कोई फर्नीचर। कोठरी छोटी है, इसलिए चलने-फिरने की जगह भी बहुत कम है। उन्होंने कहा, वांगचुक का बाहरी दुनिया से संपर्क सिर्फ परिवार और वकीलों तक सीमित है। उनके पास न मोबाइल है, न टीवी। जो अखबार उन्हें मिलते हैं, उनमें से उनसे या लद्दाख से जुड़ी खबरें काट दी जाती हैं। उन्होंने बताया, वांगचुक जेल में बिताए अनुभवों पर एक किताब लिख रहे हैं।



## शक पर चार युवकों को पीटा, सिर मुंडाए

■ भाषा, जयपुर : राजस्थान के नागौर जिले में एक गांव के लोगों ने पशु तस्करी के संदेह में चार युवकों को पकड़कर उनकी कथित रूप से पिटाई कर दी। उन्होंने युवकों के सिर मुंडा दिए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात को रियान बड़ी क्षेत्र के आवला थाना इलाके के लाडपुरा गांव में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों ने चार युवकों को लाडपुरा गांव के ऊपर क्षेत्र में पशुओं को इकट्ठा करते हुए देखा, जिससे पशु तस्करी का संदेह हुआ।

> ग्रामीणों को पशु तस्करी का शक हुआ, पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है

## सिरप 'आलमंड किट' में गंभीर खतरा, तमिलनाडु में बैन

■ आईएएनएस, चेन्नै : तमिलनाडु सरकार ने कफ सिरप 'आलमंड किट' के निर्माण, बिक्री, डिस्ट्रिब्यूशन और सेवन पर रोक लगाने का फैसला लिया है। राज्य के ड्रग कंट्रोल निदेशालय ने बताया कि लैब टेस्ट में सिरप में जहरीला केमिकल पाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बिहार में बनी इस सिरप में एथिलीन ग्लाइकोल मिला है। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ड्रग कंट्रोल निदेशालय ने चेतावनी दी कि सिरप से किडनी फेलियर और दिमाग और फेफड़ों को नुकसान हो सकता है।

> ड्रग कंट्रोल निदेशालय ने कहा, इससे किडनी फेलियर, फेफड़ों को खतरा

# A R रहमान की सफाई- भारत मेरा घर, किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था

## कहा था, पिछले 8 साल से काम नहीं, इसकी सांप्रदायिक वजहें हो सकती हैं

■ भाषा, नई दिल्ली

**ऑस्कर विजेता** एआर रहमान ने हालिया समय में दिए अपने एक बयान को लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत मेरा घर है। उनका इरादा किसी को दुख पहुंचाने का नहीं था। म्यूजिक कंपोजर रहमान ने BBC को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके पास पिछले 8 साल से बॉलिवुड में काम नहीं है और इसकी वजहें सांप्रदायिक हो सकती हैं।

बयान को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हुई। रहमान ने विडियो पोस्ट कर कहा, 'प्यारे दोस्तों, म्यूजिक हमेशा से मेरे लिए जरिया रहा है किसी कल्चर से जुड़ने, उसका जश्न मनाने और सम्मान करने के लिए। भारत मेरी प्रेरणा है, मेरा टीचर है और मेरा घर है। मेरा इरादा किसी को भी चोट पहुंचाने का नहीं था।



एक इंटरव्यू में दिए बयान के बाद कई लोगों ने आलोचना की थी।

### नकारने से सचाई नहीं बदलती: मुफ्ती

जम्मू-कश्मीर की पूर्व CM महबूबा मुफ्ती ने कहा, बॉलिवुड हमेशा से देश की सामाजिक हकीकत दिखाता हुआ एक जीवंत 'मिनी-इंडिया' रहा है। ऐसे अनुभवों को नजरअंदाज कर देने से आज के भारत की सचाई नहीं बदल जाती। मुफ्ती ने जावेद अख्तर के बयान पर यह बात कही। अख्तर ने रहमान की सांप्रदायिक वजहों वाली बात से असहमति जताई थी।

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020
रिक्ति अधिसूचना सं.: एमआरवीसी/ई/पीई/03/2026 दिनांक 16.01.2026
मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा IDA E1 स्केल में "परियोजना अभियंता (सिविल / इलेक्ट्रिकल)" को संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.02.2026 है। अधिक जानकारी वेबसाइट https://mrvc.indianrailways.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।




## कंपनियों के तिमाही आंकड़े दिखाएंगे मार्केट पर असर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शेयर बाजार के लिए इस हफ्ते वैश्विक घटनाक्रम के साथ कंपनियों के तिमाही नतीजे अहम होंगे। सप्ताहांत पर आए नतीजों के चलते RIL, ICICI बैंक, HDFC बैंक और यस बैंक के शेयरों पर नजर रहेगी, वहीं इस हफ्ते कोटक महिंद्रा बैंक, PNB, BHEL और अदाणी ग्रीन एनर्जी के नतीजों का असर भी दिखेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि मार्केट एक दायरे में रह सकता है और निवेशकों को सतर्कता बरतनी चाहिए।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में इंफ्लेशन, जीडीपी और बेरोजगारी के आंकड़ों सहित वैश्विक आर्थिक संकेत अहम होंगे। इनसे यूएस फेडरल रिजर्व के इंटरेस्ट रेट के बारे में रुख का संकेत मिलेगा। देश में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के नंबर और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर मार्केट की नजर रहेगी।' इस सप्ताह हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, इंडिगो की कंपनी इंटरग्लोब एविएशन और हिंदुस्तान जिंक जैसी कंपनियों के नतीजे भी आएंगे।

> RIL, ICICI बैंक, HDFC बैंक के पिछले हफ्ते आए आंकड़े

## मणिपुर: गैंगरेप के दो साल बाद मौत

■ पीटीआई, चुराचांदपुर: मणिपुर में 2023 की जातीय हिंसा के दौरान कथित अपहरण और गैंगरेप की शिकार कुकी समुदाय की लड़की ने दो साल बाद दम तोड़ दिया। घटना के समय पीड़िता की उम्र 18 साल थी। वह इम्फाल में एक ब्यूटी सैलून में काम करती थी। परिवार के अनुसार, गंभीर चोटों और मानसिक तनाव की वजह से उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। 10 जनवरी 2026 को चुराचांदपुर के अस्पताल में उनकी मौत हुई।

> जातीय हिंसा में कुकी समुदाय की लड़की का अपहरण कर रेप हुआ था

## बम धमकी, फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

■ भाषा, लखनऊ : दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में बम की सूचना के बाद विमान की रविवार सुबह लखनऊ हवाई अड्डे इमरजेंसी लैंडिंग हुई। हालांकि जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच के दौरान, एक पेपर पर हाथ से लिखा एक नोट मिला। उस पर 'प्लेन में बम है', लिखा था। पुलिस ने बताया कि विमान में आठ बच्चों सहित 222 यात्री, दो पायलट और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे।



# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । सोमवार, 19 जनवरी 2026

> आधुनिक खेलों की पहचान उनकी संगठित व्यवस्था, नियमों और संस्थागत नियंत्रण से होती है।
> – एलन गुटमैन, खेल समाजशास्त्री

## प्रशासनिक नाकामी

इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट आखिरकार खत्म हुआ। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से ज्यादा यह याद रह जाएगा बदइंतजामी की शिकायतों के लिए। जो टूर्नामेंट एक विश्वस्तरीय आयोजन का उत्सव बन सकता था, आखिर में प्रशासनिक नाकामी का उदाहरण बनकर रह गया।

**गंदगी की शिकायत ।** यह टूर्नामेंट शुरू से ही खेल से इतर वजहों से चर्चा में रहा। दुनिया के नंबर 3 रैंक खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने दिल्ली के वायु प्रदूषण के चलते अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद कभी चिड़िया की बीट कोर्ट पर गिरी, कभी बंदर घुस आया। डेनमार्क की शटलर मिया ब्लिचफेल्ड ने साफ-सफाई की कमी का मुद्दा उठाया। अफसोस कि पिछले साल भी उन्होंने ऐसी ही शिकायत की थी। यानी साल बीता, पर उससे सबक नहीं लिया गया।



टूर्नामेंट में अव्यवस्था

**खराब हवा ।** इस टूर्नामेंट की खामियां दो चीजों की ओर ध्यान खींचती हैं - व्यवस्था और मौसम। दिल्ली की खराब हवा का प्रत्यक्ष असर अब दूसरी गतिविधियों पर दिख रहा है। टूर्नामेंट से हटने के कारण एंडर्स एंटोनसेन को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की पेनल्टी भुगतनी पड़ेगी। सोचने वाली बात है कि एक खिलाड़ी सजा भुगतने को तैयार है, पर खेलना नहीं चाहता।

**लगातार लापरवाही ।** समस्या यह है कि पहले जो कमियां पकड़ में आ चुकी हैं, उन पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। पिछले साल दिल्ली में ही, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप हुई थी, जहां आवारा कुत्ते ने दो विदेशी कोच को काट लिया था। तब भी बेहद शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।


**रखरखाव में कमी ।** टूर्नामेंट जिस इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में खेला गया, वह भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के पास है। इसके रखरखाव और देखभाल की जिम्मेदारी साई की है। टूर्नामेंट के पहले संबंधित संघों को स्टेडियम किराये पर उपलब्ध कराया जाता है। इस टूर्नामेंट ने रखरखाव की पोल खोल दी है।

**क्षमता पर सवाल ।** पिछले दिनों जो कुछ हुआ, वह केवल इसी टूर्नामेंट तक रहने वाली बात नहीं है। इस साल इसी वेन्यू पर भारत को बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है। साथ ही देश अब विश्वस्तरीय खेल आयोजन कराना चाहता है। 2030 में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स होंगे, जबकि 2036 के ओलिंपिक्स की दावेदारी की तैयारी है। लेकिन, इंडिया ओपन की वजह से यह सवाल उठता है कि क्या देश वाकई तैयार है। इन कमियों को छोटी घटनाएं कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इनका असर खेल के आगे पूरे देश की छवि पर पड़ता है।

### नश्तर

## पार्क और ट्रंप

कॉलोनी की कल्याण समिति के महामंत्री ने एक रोज घोषणा की, 'मैं पार्क को अपने घर में मिला लूंगा। बीच में एक सड़क ही तो है और पार्क की बाउंड्री भी बहुत ऊंची नहीं।' मुझे बात का सिर-पैर ही नहीं समझ आया तो पूछा, 'आप कहां से प्रेरणा ले रहे हैं?' बोले, 'दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति से।' मैंने दिव्य पुरुष का दि... ही बोला था कि उन्होंने भारी-सी आवाज में कहा 'डॉनल्ड ट्रंप' और मेरे अरमान रौंद डाले।



सौरभ श्रीवास्तव

मैं अचरज से सिर खुजलाने लगा तो उन्होंने साफ किया, 'देखिए, अमेरिका की सुरक्षा को खतरा है तो वह ग्रीनलैंड ले रहा है कि नहीं, वैसे ही मुझे खतरा है तो मैं सामने वाला पार्क अपने घर में मिला लूंगा।' 'कैसा खतरा?' 'पार्क में बच्चे खेलते हैं तो पौधे खराब होते हैं। प्रेमी जोड़े बैठते हैं। अश्लीलता फैलाते हैं।' 'पर बच्चों को तो प्रेमी जोड़ों से कोई दिक्कत नहीं!' महामंत्री बोले, 'वे तो बच्चे हैं, वे क्या जानें।' 'प्रेमियों को देखकर दिक्कत अगर बड़े होने पर होती है, तो काश ये बच्चे ही रहें।'



मैंने अपने लहजे को पूरी मशक्कत से संजिदा किया। महामंत्री का चेहरा सख्त हो गया। त्योरी तानते हुए बोले, 'क्या चाहते हो तुम, पार्क में जो हो रहा है होता रहे?' 'मेरे चाहने से क्या होता है? मैंने तो कई बार प्रयास किया कि प्रेमियों को देखकर बच्चे भड़क जाएं, पर उन्हें खेलने से फुर्सत हो तब न।' महामंत्री और भड़क उठे, 'क्या कहना चाहते हो, मेरे पास कोई काम नहीं?' 'मेरा ऐसा कोई इरादा था। मेरे कहे का निहितार्थ आपने ही निकाला।' मैंने खुद का बचाव किया। बात 'देख लूंगा' तक पहुंचे इससे पहले मैंने रवानगी डालना बेहतर समझा। कुछ दिनों बाद पार्क में एक बोर्ड लगाया गया - पार्क में खाली बैठना, खेलना मना है। थोड़ी ही देर में किसी बच्चे ने चॉक से बोर्ड पर लिखा - इस पार्क को अपने घर में रख लें। मन किया कि इस बच्चे को ढूंढकर नोबेल दे दूं पर मचाडो ने यह भी ट्रंप को दे दिया।

### एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

## ठंड में दंड बैठक

तब देश गुलामी की जंजीर में जकड़ा हुआ था। एक बार की बात है। कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। एक अंग्रेज पुलिस अफसर एक निर्दोष भारतीय के साथ सरेआम अभद्र व्यवहार कर रहा था। पास ही सात-आठ वर्ष का एक बालक यह दृश्य देख रहा था। उससे यह सहा नहीं गया। गुस्से में आकर उसने एक पत्थर उठाया और उस अंग्रेज अफसर पर दे मारा। पत्थर लगने से अफसर घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। काफी खोजबीन के बाद वह बालक पकड़ लिया गया। अंग्रेज अफसर ने उसे बुरी तरह डांटा और सबक सिखाने के लिए कठोर सजा दी, कड़ाके की ठंड में खुले मैदान में पूरी रात नंगे खड़े रहने की। पहरे के लिए दो चौकीदार तैनात कर दिए गए। कुछ समय बाद ठंड से बचने के लिए चौकीदार कंबल ओढ़कर सो गए। आधी रात को जब उनकी नींद खुली, तो वे यह देखकर दंग रह गए कि वह बालक भयानक ठंड से बेपरवाह लगातार दंड-बैठक कर रहा था और उसके शरीर से पसीना बह रहा था। न ठंड का डर, न सजा का भय, उसके चेहरे पर अद्भुत दृढ़ता थी। यह साहसी और निडर बालक आगे चलकर चंद्रशेखर आजाद के नाम से मशहूर हुआ।

Subrata Dhar



### भारत-EU के बीच बढ़ा सहयोग, जर्मन चांसलर के दौरे से मज़बूत हुए रिश्ते

# भविष्य में और गहरी होगी दोस्ती



हर्ष वी. पंत

**इस महीने** की शुरुआत में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को नई दिशा दी। यह मौका दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के 25 साल और राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का भी था। इस दौरे की बड़ी बात यह रही कि आपसी रिश्ता अब सिर्फ व्यापार और निवेश तक सीमित न होकर, मजबूत रणनीतिक साझेदारी में बदल रहा है। इस दौरान 19 अहम समझौतों पर सहमति बनी। इससे यूरोप की आधुनिक टेक्नॉलजी और भारत की उत्पादन क्षमता के बीच गैप कम होगा।

**रक्षा सहयोग ।** डिफेंस इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन को लेकर साझा घोषणा को इस दौरे की सबसे महत्वपूर्ण बात कह सकते हैं। इससे भारत और जर्मनी का रिश्ता महज विक्रेता और ग्राहक से आगे बढ़ेगा। दोनों देश मिलकर हथियारों का विकास और निर्माण करेंगे। उम्मीद है कि इससे निर्यात आसान होगा और जर्मनी की अहम रक्षा तकनीक भारत पहुंचेगी। चांसलर मर्ज के साथ बड़ी पनडुब्बी कंपनियों के प्रतिनिधि भी थे। इससे संकेत मिलता है कि 6 आधुनिक पनडुब्बियों की अरबों डॉलर की परियोजना आगे बढ़ी है।

**अहम समझौते ।** दुनिया में बढ़ते संरक्षणवाद के बीच दोनों नेताओं ने सप्लाई चेन को विविध बनाने की जरूरत पर बात की। एक नया CEO फोरम बनाया गया, ताकि सरकारी निवेश पर फैसला लेने वाली समितियों में बिजनेस लीडर्स की सीधी भागीदारी हो सके। सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स और टेलीकम्युनिकेशन में समझौते किए गए। जर्मन चांसलर ने उम्मीद जताई कि इस महीने के आखिर तक भारत-EU के बीच FTA भी फाइनल हो सकता है।



**संबंधों को नई दिशा**
- व्यापार में विविधता चाहते हैं भारत और यूरोप
- अमेरिका व चीन से दोनों को मिल रही चुनौती
- रणनीतिक साझेदारी, टेक ट्रांसफर पर फोकस

**मदद का वादा ।** जर्मनी ने 'ग्रीन एंड सस्टेनेबल डिवेलपमेंट पार्टनरशिप' के लिए 1.24 अरब यूरो की अतिरिक्त मदद का वादा किया है। इन पैसों का इस्तेमाल ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहनों और जलवायु परिवर्तन का सामना कर सकने वाले अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में किया जाएगा। भारत की AM Green और जर्मनी की Uniper के बीच ग्रीन अमोनिया पर समझौता महत्वपूर्ण रहा।

**आपसी संपर्क ।** इस दौरे में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं हुईं। एक है वीजा फ्री ट्रांजिट। अब भारतीय पासपोर्ट धारक जर्मनी के एयरपोर्ट से बिना वीजा के ट्रांजिट कर सकेंगे। दूसरी घोषणा शिक्षा के क्षेत्र में आई। जर्मनी के विश्वविद्यालय भारत में भी कैंपस खोलेंगे। जर्मनी में भारतीय हेल्थकेयर और आईटी प्रफेशनल्स को मौके मिलेंगे।

**मैक्रों की यात्रा ।** अगले महीने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 'इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट' में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली आने वाले हैं। पहली बार ग्लोबल साउथ में वैश्विक AI सम्मेलन होने जा रहा है। मैक्रों ने भारत की इस बात का समर्थन किया है कि तकनीक का फायदा विकासशील देशों के साथ भी बांटा जाना चाहिए।

**EU नेताओं का दौरा ।** पीएम मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सांतोस दा कोस्टा और यूरोपीय कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन 25 से 27 जनवरी तक भारत का राजकीय दौरा करेंगे। दोनों नेता 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और 27 जनवरी को 16वें भारत-EU शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।

**वैश्विक बदलाव ।** भारत-EU संबंधों पर भू-राजनैतिक बदलाव का असर पड़ा है। ट्रंप की नीतियों, विश्व व्यवस्था में अस्थिरता, चीन की हठी और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की जरूरत ने भारत-EU को पास लाया है, खासकर हिंद प्रशांत क्षेत्र में।

**चीन पर नजर ।** दोनों के बीच अब भी आर्थिक संबंध सबसे अहम हैं। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, निवेश की सुरक्षा और मजबूत सप्लाई चेन में दोनों पक्षों की दिलचस्पी है। यह दिखाता है कि भारत और यूरोप व्यापार में विविधता लाना चाहते हैं, ताकि चीन पर अति निर्भरता न रहे। EU की नजर में भारत तेजी से बढ़ता बाजार है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन और क्लाइमेट एक्शन पर सहयोग बढ़ा है। हालांकि EU की कार्बन बॉर्डर जैसी नीति की वजह से थोड़ा टकराव भी है।

**नई व्यवस्था ।** भारत और EU ऐसी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था चाहते हैं, जहां उन्हें महाशक्तियों के बीच अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखने का मौका मिले। इसी वजह से दोनों स्वाभाविक साझेदार बनकर उभरे हैं। आने वाले समय में यह रिश्ता और मजबूत होने की उम्मीद है।

*(लेखक लंदन के किंग्स कॉलेज में प्रफेसर हैं)*

# मूंगफली के साथ कर सकते हैं समय की सैर

**टाइम ट्रैवल** की चर्चा धर्म में भी है और विज्ञान में भी। इस यात्रा पर कोई गया भले न हो, पर विज्ञान कहता है कि यह बिल्कुल असंभव भी नहीं। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने बताया कि समय नियत नहीं है, यह हर किसी के लिए एक-सा नहीं बहता। कोई चीज जितनी तेज चलती है, उसके लिए उतना ही धीमा हो जाता है समय। विज्ञान के इस गूढ़ रहस्य को समझने का शायद सबसे सरल उपाय है मूंगफली। इसके साथ भी वक्त की लय एक जैसी नहीं रहती। जब मूंगफली पास होती है, तो वक्त तब तक खत्म नहीं होता, जब तक मूंगफली खुद खत्म नहीं हो जाती। भले आइंस्टाइन की थिअरी के मुताबिक हम अभी तक ऐसा वीकल ईजाद नहीं कर पाए, जो प्रकाश की गति से भी तेज चल सके, पर मूंगफली के रूप में ऐसी चीज जरूर पा ली है, जो वक्त पर लगाम लगा दे।

समय की तरह ही स्वाद में भी शब्दों से परे है मूंगफली। यह शाही पकवान नहीं, आम लोगों की 'चिनिया बादाम' है, फिर भी अपनेपन से भर देती है सभी को। हल्की-सी गर्माहट लिए इसके छिलके जैसे ही खड़खड़ाहट के साथ टूटते हैं, एक सोंधी महक हवा में फैल जाती है। भूरे कवच में बंद गुलाबी दाने हथेलियों पर आकर और खिल उठते हैं।

फिर हर एक दाना दांतों से लड़ते हुए जो कुरकुराहट देता है, उसकी आवाज खुद के ही कानों को भली लगती है बहुत। कहा जाता है कि इंसान एक ही काम करते हुए ऊब जाता है और इसका असर पड़ता है क्वॉलिटी पर, इसलिए जरूरत पड़ी मशीनों की, लेकिन मूंगफली उन कुछ कामों में से एक है, जिसे लेकर कभी ऊब नहीं होती। एक ही प्रक्रिया बार-बार चलती रहती है और कमाल है कि हर बार, मूंगफली का हर दाना उतना ही अनोखा लगता है, जितना पहला लगा था। और रही बात एफिशिएंसी और क्वॉलिटी की, तो मजाल है कि उसमें कोई कमी आए। इसे खाने की रफ्तार एक-सी चलती रहती है।

AI image



**जीवन आनंद**
शैलेंद्र पांडेय

स्क्रीन ने सबका वक्त चुरा लिया, पर मूंगफली अब भी बची है। मूंगफली को खाते समय ध्यान रहता है सिर्फ इस पर। न एक भी दाना इधर से उधर होता है और न आखिर में एक भी फली साबुत बचती है। मूंगफली का असली मजा इसकी लय में है - पहले दाने, फिर मसालेदार नमक और आखिर में हरी चटनी... रिपीट।

समय को यूं थामने वाली मूंगफली खुद भी समय से लड़ते हुए पहुंची है यहां तक। 7,500 साल पहले दक्षिण अमेरिका के लोगों ने खोज कर ली थी इसकी। उनके लिए यह केवल भोजन ही नहीं, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक भी थी। बाद में स्पेनिश और पुर्तगाली व्यापारियों के साथ यह अफ्रीका पहुंची और वहां से एशिया। आज यह हिंदुस्तान में फसल ही नहीं, लोक-संस्कृति का हिस्सा है - सर्दियों की शाम और चार लोगों की जुटान की पहचान। उन यादों से जुड़ी, जहां कोई भी मेला इसकी खरीदारी बिना पूरा नहीं होता था। सफर की साथी, जिसके साथ समय का पता नहीं चलता।

### कांटे की बात

> सत्ता सेकुलर हो सकती है, लेकिन मनुष्य या सृष्टि की कोई चीज बिना धर्म के नहीं हो सकती। जब तक भारतवर्ष को धर्म ड्राइव करेगा, वह विश्वगुरु रहेगा। जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए मन से जाति को निकालना होगा।




मोहन भागवत, RSS प्रमुख

### डेटा Window

*दिल्ली में 10 से 18 जनवरी तक चले विश्व पुस्तक मेला में युवाओं की खासी दिलचस्पी देखने को मिली। वहीं, हमेशा सुर्खियां बटोरने वाले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आज आखिरी दिन है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के बावजूद देश में किताबें मजबूती से टिकी हुई हैं।*

## कैसी है किताबों की दुनिया



₹2454 करोड़ की किताबें 2023-24 में भारत ने निर्यात कीं

**बुक पब्लिशिंग में भारत दुनिया में 10वें नंबर पर**

| | |
|---|---|
| अमेरिका | 2.75 लाख |
| चीन | 2.10 लाख |
| ब्रिटेन | 1.8 लाख |
| जापान | 1.3 लाख |
| भारत | 90 हजार |

(हर साल पब्लिश बुक टाइटल)

**हिंदी का जलवा नॉन फिक्शन में**
- 26% हिंदी में पब्लिश किताबें
- 24% के साथ अंग्रेजी सेकंड
- 9% तमिल भाषा में किताबें
- 7% बंगाली और
- 7% मराठी

- 70% लगभग बिकती हैं शैक्षणिक किताबें
- 30% हिस्सेदारी है फिक्शन और नॉन-फिक्शन की
- 9000 से ज्यादा पब्लिशर, कई एक्टिव नहीं

- 10.4 अरब डॉलर था बुक मार्केट भारत का साल 2024 में
- 14.6 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है साल 2030 तक
- 6% की दर से ग्रोथ दर्ज कर रहा है देश का बुक मार्केट




# तकनीक तो ठीक है, पर किताबें भी पढ़नी होंगी



दिनेश प्रसाद सकलानी

यह अभूतपूर्व संभावनाओं का दौर है। ज्ञान, सूचना और तकनीक ने जीवन आसान बनाया है। डिजिटल माध्यम ने सीखने के द्वार खोले हैं। सूचनाएं तुरंत आ जाती हैं। मगर, इससे ध्यान-क्षमता कम होने वाली संस्कृति भी शुरू हो गई है। खासकर यह स्टूडेंट्स और किशोरों के लिए बड़ी चुनौती है। इसमें सतही सूचनाएं तो रहती हैं, लेकिन विषय की गहराई से समझ की कमी है।


### गहन चिंतन जरूरी

आज बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप के सामने बीतता है। मां-बाप के लिए स्क्रीन टाइम सबसे बड़ी चिंता है। रील्स, शॉर्ट विडियो के जमाने में दिमाग भी तुरंत संतुष्टि चाहता है। नतीजतन, आज के अधिकतर स्टूडेंट्स के लिए लंबे समय तक कोई चैप्टर पढ़ना, किसी विषय पर सोचना कठिन हो गया है। सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने से दिमाग की डीप अटेंशन क्षमता प्रभावित होती है। यही कारण है कि आज के बच्चे किताबों को पूरी तरह पढ़ने के बजाय समरी, नोट्स और विडियो के भरोसे रहते हैं। इससे न केवल परीक्षा के परिणाम पर असर पड़ता है, बल्कि यह सोचने-समझने की क्षमता भी प्रभावित करती है।

यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा को सिर्फ सूचना आधारित नहीं, बल्कि समझ आधारित बनाने पर जोर है। नीति का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य रटंत विद्या नहीं, बल्कि क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और समग्र विकास होना चाहिए। इसमें बचपन से ही पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पर चर्चा जैसा कार्यक्रम केवल परीक्षा के तनाव को कम करने का माध्यम नहीं है। इससे संदेश दिया जाता है कि शिक्षा का उद्देश्य नंबर नहीं, बल्कि समझ और आत्मविश्वास है। लेकिन, प्रधानमंत्री भी समय-समय पर डिजिटल उपवास पर जोर देते हैं। उनका मानना है कि आधुनिक तकनीक के साथ-साथ खेल, पुस्तक, संवाद और प्रकृति से जुड़ाव भी जरूरी है।

AI image



हालांकि, इसका समाधान सिर्फ सरकार या नीति से नहीं होगा। मां-बाप और स्कूलों को भी आगे आना होगा। घर से पढ़ाई की शुरुआत होनी चाहिए। अगर घर में किताबें नहीं होंगी, बच्चे अपने मां-बाप को पढ़ते नहीं देखेंगे, तो वे कैसे पढ़ेंगे। हम यह भी नहीं कह सकते कि तकनीक से पूरी तरह दूरी बना ली जाए। डिजिटल माध्यम ने ज्ञान को सर्वसुलभ बनाया है। प्रश्न तकनीक के होने या न होने का नहीं है, बल्कि उसके उपयोग का है। अगर स्क्रीन गहन पठन, शोध और संवाद का जरिये बने, तो अवसर है।

### सोचने के लिए पढ़िए

स्क्रीन टाइम और ध्यान-क्षमता का प्रश्न केवल आज का मुद्दा नहीं है। यह उस पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा है, जो कल समाज, अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र का नेतृत्व करेगी। यदि यह पीढ़ी पढ़ना नहीं सीखेगी, तो वह सोच भी नहीं पाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और प्रधानमंत्री का संदेश इसी का संकेत है। अंततः सवाल यह नहीं है कि स्टूडेंट्स कितनी जल्दी पढ़ते हैं, बल्कि यह है कि वे कितनी गहराई से समझते हैं। इसलिए नीति कहती है कि –

*शनैः पन्थाः शनैः कन्था शनैः पर्वतलङ्घनम्। शनैर्विद्या शनैर्वित्तं पञ्चैतानि शनैः शनैः ॥*

*(लेखक NCERT के निदेशक हैं)*

### THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in


## काम शुरू करने से पहले अपने मन से तो पूछ लीजिए

ब्रह्मा कुमारी शुक्ला

जिस प्रकार हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन को भी सही खुराक चाहिए। यदि हमारे भीतर अशुभ सोच, चिंता, भय या तनाव भरा रहता है, तो ये मन को कमजोर बना देते हैं। इसके विपरीत शुद्ध संकल्प और शुभ भावनाएं मन को शक्ति प्रदान करती हैं। जैसे सात्विक और संतुलित आहार शरीर को स्वस्थ और दीर्घायु बनाता है, वैसे ही सात्विक सोच मन को स्वस्थ रखती है, जबकि अपवित्र, उत्तेजक और नकारात्मक विचार मन को रोगी और दुर्बल बना देते हैं।

यह देखना आवश्यक है कि हमारे संकल्प किस प्रकार के हैं और उनका प्रभाव स्वयं व दूसरों पर क्या पड़ेगा।

सामान्य रूप से मन में चार प्रकार के संकल्प चलते रहते हैं- व्यर्थ, आवश्यक, नकारात्मक और सकारात्मक। इनमें व्यर्थ और नकारात्मक संकल्प सबसे अधिक हानिकारक होते हैं। ये मन, बुद्धि और कर्मेंद्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, जिससे मनोबल कमजोर हो जाता है। मनोबल के कमजोर होने पर व्यक्ति बाहरी परिस्थितियों और जीवन की चुनौतियों का सामना ठीक से नहीं कर पाता। नकारात्मक संकल्पों के कारण हम स्वयं भी दुखी रहते हैं और अनजाने में दूसरों के लिए भी तनाव का कारण बन जाते हैं।



इसके बावजूद हमारे भीतर सकारात्मक सोच की कुछ शक्ति सदैव बनी रहती है, जिसके कारण हम स्वयं को और दूसरों को सुख और शांति का अनुभव करा पाते हैं। इस शक्ति को बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हम अपनी आंतरिक शांति, स्नेह और खुशी जैसे आत्मिक गुणों का नियमित चिंतन करें। यही सात्विक सोच कहलाती है। सात्विक चिंतन से परमात्मा के सत्य स्वरूप, उनके सकारात्मक गुणों और दिव्य शक्तियों का अनुभव सहज होने लगता है, और आत्मा पुनः स्वस्थ, स्वच्छ, शक्तिशाली और प्रसन्न बनती है।

इन बातों को जीवन में उतारने के लिए हमें प्रतिदिन कुछ समय स्व-अध्ययन और मनन-चिंतन के लिए अवश्य निकालना चाहिए। मन को शांत और स्थिर रखें, वाणी और संकल्पों को मधुर व संयमित बनाएं।

### रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

## समझौते से उम्मीद

यह पत्र 17 जनवरी के संपादकीय 'यूरोप से खुशखबरी' से संबंधित है। वर्ष 2025 में ब्रिटेन, ओमान और EFTA के साथ हुई व्यापार संधियों के बाद, यूरोपीय संघ (EU) से व्यापार समझौते का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है। इससे भारत की अपने दो बड़े व्यापारिक साझेदारों अमेरिका और चीन पर निर्भरता कम होगी। असंभव नहीं कि भारत की बढ़ती व्यापारिक क्षमता को देखते हुए ये देश व्यापार में अधिक रियायतें देने को तैयार हो जाएं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसके बाद अन्य देशों के साथ भी नई व्यापार संधियों के रास्ते खुलेंगे।

लीलाधर पंत, केशवपुरम

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP9 User: cci Time: 01-18-2026 22:46 Color:



मैने मुंबई में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और फिर इस खेल को छोड़कर अमेरिका चला गया। क्रिकेट ने मुझे फिर से मुंबई में खेलने का मौका दिया है। टी20 वर्ल्ड कप में यहां पहुंचने के बाद मेरी कई पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। -सौरभ नेत्रवलकर, पेसर, अमेरिका



**3113** रन बनाए हैं सचिन तेंडुलकर ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में। यह किसी एक टीम के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक रन बनाने का रेकॉर्ड है। दूसरे स्थान पर भी सचिन तेंडुलकर ही हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3077 वनडे रन बनाए हैं

## न्यूजीलैंड ने इतिहास में पहली बार भारतीय धरती पर जीती वनडे इंटरनैशनल सीरीज

# टेस्ट के बाद अब तोड़ा वनडे का भी गुरूर

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: न्यूजीलैंड की टीम पिछली बार साल 2024 में जब भारत दौरे पर आई थी तब उसने घरेलू धरती पर टेस्ट फॉर्मेट में भारत के बरसों से चले आ रहे दबदबे को समाप्त किया था। अब वनडे फॉर्मेट में घरेलू मैदान पर टीम इंडिया के गुरूर को तोड़ने का काम भी कीवी टीम ने ही किया। इंदौर में खेले गए सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 41 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। साल 1989 से द्विपक्षीय वनडे इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारत का दौरा कर रही कीवी टीम के लिए यहां पहली वनडे सीरीज जीत है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने भी अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं गंवाई थी, लेकिन यह अजेय क्रम रविवार को उस मैदान पर थमा, जहां भारत ने कभी कोई वनडे मुकाबला नहीं गंवाया था।

**खूब लड़े विराट:** न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन, 131 बॉल, 15 फोर, 3 सिक्स) के लगातार दूसरे शतक और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के तूफानी सैकड़े की बदौलत आठ विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इससे पहले वनडे में कभी 320 प्लस का टारगेट हासिल नहीं किया था। पिछले रेकॉर्ड के लिहाज से भारत के लिए यह रन चेज आसान नहीं होने वाला था और जब उसने 13 ओवर्स में ही सिर्फ 71 रन पर चार बड़े विकेट गंवा दिए, तो लड़ाई एकतरफा लगने लगी। हालांकि, विराट कोहली (124 रन, 108 बॉल, 10 फोर, 3 सिक्स) ने एक छोर को संभाले रखा। बीच में नितीश रेड्डी (53 रन, 57 बॉल) ने विराट के साथ 88 रन की साझेदारी करके भारतीय फैंस की उम्मीदों को बनाए रखा। नितीश के आउट होने के बाद हर्षित राणा ने भी विराट का साथ निभाया। हर्षित ने 43 बॉल पर 52 रन बनाए (4 फोर, 4 सिक्स) और सातवें विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। इस बीच विराट ने 91 बॉल पर अपने वनडे इंटरनैशनल करियर का 54वां शतक पूरा किया। आठ विकेट गिरने के बाद उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट्स खेलने की कोशिश में विकेट गंवा दिया और भारतीय टीम का अभियान थम गया।

**भारत Vs न्यूजीलैंड**
वनडे सीरीज, तीसरा मैच




**मिचेल, फिलिप्स ने बदला रुख:** इससे पहले, भारतीय बोलर्स ने अच्छी शुरुआत की थी। पारी के पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने विकेट निकाल लिया था। न्यूजीलैंड ने पहले दो ओवर्स में पांच रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। भारत एक समय पूरी तरह हावी था और उसने मेहमान टीम के 58 रन पर तीन विकेट झटक लिए थे। शुरुआती झटकों के बाद मिचेल और फिलिप्स ने पांचवें विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। पूरी सीरीज में भारतीय बोलर्स की खबर लेने वाले मिचेल ने संयम और नियंत्रण के साथ पारी को संभाला जबकि फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई। इससे सतर्क शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड की पारी का रुख ही बदल गया।


प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज रहे डेरिल मिचेल

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### 'बी' टीम ने दे दी शिकस्त

न्यूजीलैंड की यह जीत बेहद खास कही जाएगी क्योंकि यह एक तरह से उनकी 'बी' टीम थी, जिसमें कई स्टार प्लेयर शामिल नहीं थे। नियमित कप्तान मिचेल सैंटनर ग्रोइन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर थे, जबकि टॉम लैथम अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे। पूर्व कप्तान केन विलियमसन साउथ SA20 लीग में अपनी टी20 प्रतिबद्धताओं को निभा रहे थे। ओपनर रचिन रवींद्र और पेसर जैकब डफी को आराम दिया गया था। पिंडली की चोट से वापसी कर रहे मैट हेनरी टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टी20 सीरीज पर ध्यान दे रहे हैं। मौजूदा टीम के आठ खिलाड़ी पहली बार भारत आए थे।

**स्कोरकार्ड**

**न्यूजीलैंड:** डेवोन कॉन्वे बो राणा 5, हेनरी निकोल्स बो अर्शदीप 0, विल यंग का जडेजा बो राणा 30, डेरिल मिचेल का कुलदीप बो सिराज 137, ग्लेन फिलिप्स का राहुल बो अर्शदीप 106, माइकल ब्रेसवेल नॉट आउट 28, मिचेल हे एलबीडब्ल्यू बो कुलदीप 2, जैक फॉक्स का कुलदीप बो अर्शदीप 10, क्रिस्टियन क्लार्क बो राणा 11, काइल जेमिसन नॉट आउट 0 **एक्स्ट्राज:** 8 **टोटल:** 50 ओवर्स में आठ विकेट पर 337 रन **विकेट:** 1-5, 2-5, 3-58, 4-277, 5-283, 6-286, 7-304, 8-327 **बोलिंग:** अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित राणा 10-0-84-3, मोहम्मद सिराज 10-0-43-1, नितीश रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप यादव 6-0-48-1, रवींद्र जडेजा 6-0-41-0

**भारत:** रोहित शर्मा का क्लार्क बो फॉक्स 11, शुभमन गिल बो जेमिसन 23, विराट कोहली का मिचेल बो क्लार्क 124, श्रेयस अय्यर का फॉक्स बो क्लार्क 3, केएल राहुल का फिलिप्स बो लेनोक्स 1, नितीश रेड्डी का यंग बो क्लार्क 53, रवींद्र जडेजा का यंग बो लेनोक्स 12, हर्षित राणा का निकोल्स बो फॉक्स 52, मोहम्मद सिराज का हे बो फॉक्स 0, कुलदीप यादव रन आउट 5, अर्शदीप सिंह नॉट आउट 4 **एक्स्ट्राज:** 8 **टोटल:** 46 ओवर्स में 296 रन **विकेट:** 1-28, 2-45, 3-68, 4-71, 5-159, 6-178, 7-277, 8-277, 9-292, 10-296 **बोलिंग:** काइल जेमिसन 9-0-58-1, जैक फॉक्स 9-0-77-3, क्रिस्टियन क्लार्क 9-0-54-3, जेडन लेनोक्स 10-0-42-2, डेरिल मिचेल 1-0-10-0, ग्लेन फिलिप्स 8-0-54-0

## सौराष्ट्र को हराकर विदर्भ पहली बार बना चैंपियन


अथर्व तायडे ने जड़ी लिस्ट-ए की तीसरी सेंचुरी

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: विदर्भ ने सौराष्ट्र को खिताबी मुकाबले में 38 रन से हराकर पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी जीत ली है। विदर्भ की जीत में उसके ओपनर अथर्व तायडे (128 रन, 118 बॉल, 15 फोर, 3 सिक्स) की सेंचुरी का खास योगदान रहा। यश राठौड़ (54 रन) ने भी फिफ्टी जड़ी और अथर्व के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी निभाई। विदर्भ को अथर्व और अमन मोखाड़े ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। रविकुमार समर्थ (25 रन) और हर्ष दुबे (17 रन) ने टीम को 50 ओवर्स में 8 विकेट पर 317 रन तक पहुंचाया। जवाब में सौराष्ट्र की टीम प्रेरक मांकड़ (88 रन) और चिराग जानी (64 रन) की फिफ्टी के बावजूद 48.5 ओवर्स में 279 रन पर सिमट गई। विदर्भ के पेसर यश ठाकुर ने 50 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

**ब्रीफ स्कोर**
**विदर्भ:** 50 ओवर्स में 317/8 (अथर्व तायडे 128, यश राठौड़ 54, अंकुर पवार 4/65)
**सौराष्ट्र:** 48.5 ओवर्स में 279 (प्रेरक मांकड़ 88, चिराग जानी 64, यश ठाकुर 4/50)

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. किसी एक देश के खिलाफ सर्वाधिक वनडे इंटरनैशनल रन बनाने का रेकॉर्ड किस प्लेयर के नाम है?
A) विराट कोहली B) सचिन तेंडुलकर C) ब्रायन लारा D) रिकी पोन्टिंग

2. अलेक्जेंडर ज्वेरेव किस देश के टेनिस प्लेयर हैं?
A) जर्मनी B) इंग्लैंड C) स्पेन D) इटली

**कल के जवाब**
1. D) केएल राहुल 2. B) ऑस्ट्रेलिया

**लकी WINNER**



1. संगीता पांडे, बेगमपुर, दिल्ली
2. नीलिमा सिंघल, गाजियाबाद, यूपी
3. भूमि, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मनु, सम्राट भी उतरेंगे

■नई दिल्ली: भारतीय घरेलू शूटिंग सीजन सोमवार से शुरू होगा। दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 19 से 25 जनवरी तक नैशनल सिलेक्शन ट्रायल्स होंगे। इसमें देश के टॉप राइफल और पिस्टल शूटर शामिल होंगे। इनमें अनीश भानवाला, सम्राट राणा, मनु भाकर, स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह, ईशा सिंह शामिल हैं।

### चैलेंजर्स-जायंट्स मैच

■वडोदरा: अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को विमिंस प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।

## सबालेंका का उम्दा आगाज़, रेकॉर्ड बनाकर वीनस बाहर

■एपी, मेलबर्न: विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रेकॉर्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को जीत के करीब पहुंचने के बावजूद पहले राउंड में ही हार का सामना करना पड़ा। अल्काराज ने ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को 6-3, 7-6, 6-2 से हराकर मैच अपने नाम किया। सबालेंका ने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद उन्होंने लय हासिल करके तियांतसोआ रकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे।

**बढ़त बनाने के बाद हारी:** तीसरे सेट में 4-0 से आगे होने के बावजूद वीनस को तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा दैनिलोविच से 7-6, 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रेकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। वहीं, जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो को 6-7, 6-1, 6-4, 6-2 से मात दी।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन


ब्रिटेन की एमा राडुकानु ने पहले राउंड में आसान जीत दर्ज की

**45** वर्ष की वीनस विलियम्स ग्रैंडस्लैम टेनिस में विमिंस सिंगल्स का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है

**अंडर आर्म सर्विस!**
कोरेंटिन माउटेट ने टूर्नामेंट के पहले दिन मैच पॉइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6, 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया।

## अर्जुन ने प्रग्गनानंदा को दी मात, गुकेश का मैच ड्रॉ

■एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स): शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रग्गनानंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के वर्ल्ड कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। प्रग्गनानंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी, जिससे उनका किंग बीच में फंस गया। अर्जुन ने फायदा उठाते हुए बाजी 32 चाल में जीत ली।

**टाटा स्टील मास्टर्स चेस**


ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी

## तीन मिनट में तीन गोल, टाइगर्स जीते

■एजेंसियां, भुवनेश्वर: श्राची बंगाल टाइगर्स ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के पूल स्टेज के अपने आखिरी मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद जबर्दस्त वापसी करते हुए एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराया। इस रोमांचक मैच में पाइपर्स के लिए दिलप्रीत सिंह और थॉमस डोमेन ने गोल किए। इसके बाद मैच के 45वें मिनट में जुगराज सिंह और अभिषेक ने गोल किए और 48वें मिनट पर अक्सान सुकुर ने विजयी गोल दागा। वहीं, वेदांता कलिंग लांसर्स ने अपना मैच शूटआउट में जीता।

हॉकी इंडिया लीग (HIL)

## आन और लिन को खिताब

■एजेंसियां, नई दिल्ली: चीनी ताइपे के लिन चुन यी और साउथ कोरिया की आन से यंग ने रविवार को इंडिया ओपन बैडमिंटन सुपर-750 टूर्नामेंट में क्रमशः मेंस और विमिंस सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। मेंस सिंगल्स में लिन ने फाइनल में जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से मात दी। विमिंस सिंगल्स में मौजूदा चैंपियन यंग ने चीन की वांग झियी को 21-13, 21-11 से पराजित कर सीजन का अपना दूसरा खिताब जीता।

शटल कॉर्नर


साउथ कोरिया की आन से यंग

**टाइम क्लॉक पर राय बंटी:** वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकंड 'टाइम क्लॉक' का ट्रायल जारी रखेगा। कुछ प्लेयर्स इसे सकारात्मक मान रहे हैं, जबकि मानते हैं कि रेस्ट के लिए यह समय कम है।

## पाकिस्तानी मूल के प्लेयर्स को मिला वीज़ा

■पीटीआई, नई दिल्ली: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों की वीजा प्रक्रिया आसान करने के कदम उठाए हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों से जुड़े कुल 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों को इसका लाभ मिलेगा। इंग्लैंड के आदिल रशिद, रेहान अहमद और साकिब महमूद के वीजा पहले ही मंजूर हो चुके हैं। नीदरलैंड्स टीम और कनाडा सपोर्ट स्टाफ के शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल गया है। अन्य टीमों के लिए प्रक्रिया जारी है।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

## पहली कोशिश में ही चैंपियन बन गए संजीवनी, कार्तिक

Bhavin.Pandya@timesofindia.com

■मुंबई: मुंबई का मौसम संडे को भले ही रनिंग के अनुकूल रहा हो, लेकिन कोस्टल रोड, बांद्रा-वर्ली सी लिंक और पेडर रोड फ्लाई ओवर के चढ़ाव-ढलान ने धावकों की कड़ी परीक्षा ली। इनक्लाइन से भरे इन हिस्सों ने रेस को तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया। पिछले साल की तुलना में रूट और मुश्किल होने के कारण इस बार कोई भी धावक कोर्स रेकॉर्ड नहीं बना सका। एक रोचक बात यह जरूर रही कि एलीट भारतीय रनर्स कैटिगरी में पुरुषों के चैंपियन डॉक्टर कार्तिक करकेरा और महिलाओं वर्ग की चैंपियन संजीवनी जाधव ने करियर में पहली बार 42 किलोमीटर की फुल मैराथन दौड़ी। कार्तिक ने पिछले साल मुंबई मैराथन की 21 किलोमीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल किया था। संजीवनी ने निरमा बेन ठाकोर को 11 सेकंड के अंतर से पीछे छोड़ा, जो 2024 और 2025 में मुंबई मैराथन की एलीट इंडियन रनर्स कैटिगरी में चैंपियन रही थीं।

**तादु, येशी जीते:** पुरुषों में ओवरऑल विनर इथियोपिया के तादु अबाते (2:09:55) रहे, जबकि महिलाओं में ओवरऑल विनर इथियोपिया की येशी चेकोले (2:25:13) रहीं। येशी ने पहली बार किसी बड़ी मैराथन रेस में जीत हासिल की।

मुंबई मैराथन


डॉक्टर कार्तिक करकेरा


संजीवनी जाधव

Photos: Kaushik Naik

**मुंबई मैराथन के विनर्स**
एलीट फुल मैराथन (मेंस) तादु अबाते 2:09:55
एलीट फुल मैराथन (इंडियन मेंस) कार्तिक करकेरा 2:19:55
एलीट फुल मैराथन (विमिंस) येशी चेकोले 2:25:13
एलीट फुल मैराथन (इंडियन विमिंस) संजीवनी जाधव 2:49:02
हाफ मैराथन (मेंस) गौरव माथुर 1:07:18
हाफ मैराथन (विमिंस) रीनू 1:18:02

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आप कोई विशेष व्यवस्था करने में बिताएंगे। आपको धन लाभ के अवसर भी निरंतर प्राप्त होंगे। बिजनेस के मामले में आज के दिन कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। सावधानी के साथ आज के दिन आप वही काम करने की चेष्टा करें, जिससे आपका आत्मसम्मान बढ़े।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आपकी राशि का स्वामी शुक्र मकर राशि में संचार कर रहा है। गुरु संपूर्ण शुभ दृष्टि से कर्क राशि को देख रहा है। आज के दिन राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी तथा संतान पक्ष से भी शुभ समाचार मिलेगा। आज के दिन किसी भी संपत्ति को खरीदने से पहले उसके सभी पहलुओं पर अच्छे से विचार कर लें।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आपकी राशि का स्वामी बुध अष्टम शत्रु मित्र स्थान विद्ध, आयु भाव में सूर्य से अस्त एवं विकल है। इसके फलस्वरूप आज का आपका दिन भागदौड़ और विशेष चिंता में व्यतीत होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। आज के दिन कोई पुराना मित्र अतिथि बनकर आ सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
कर्क राशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से सप्तम चंद्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्चे भी संभव हैं। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद-प्रमोद का वातावरण रहेगा। आज का दिन शुभ है, हो सके तो घर-परिवार में सुख-शांति का आनंद उठाएं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य मकर राशि का होकर षष्ठम प्रभुत्व शत्रु भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध का साथ होने से कार्यक्षेत्र में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा। व्यापार में अपने सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और मधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे। आपको अपनी क्षमतानुसार सभी की मदद करनी है। हो सकता है यही लोग आगे चलकर आपके काम आएं। नौकरी या व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही आज लाभकारक होगा। किसी भी व्यक्ति से आज वाकयुद्ध में बिल्कुल न उलझें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का आपका दिन आनंद में बीतेगा। किसी कार्य के लिए पैसे जुटाने पड़ सकते हैं। आपको सुख की सहायता का संतोष प्राप्त होता है, इसलिए आज भी आपका मन प्रसन्न रहेगा। निवेश के मामले में हो सके तो आज थोड़ा सावधान रहें और जोखिम बिल्कुल भी न उठाएं। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल तृतीय पराक्रम भाव में व चंद्रमा तृतीय घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन किसी काम को सुलझाने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आज आपके लिए भविष्य में आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपकी मौज-मस्ती के दिन आने वाले हैं।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आर्थिक दृष्टि से देखें तो आज का आपका दिन शुभ है। आपको दिन भर धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करें, तभी कोई स्थायी समाधान मिलेगा। माता-पिता का भी ध्यान रखें।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज दिन के पहले हिस्से में आप अधिक व्यस्त रहेंगे। बेहतर होगा कि आप जरूरी कामों को पहले निपटा लें। दोपहर बाद भी कई काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता बढ़ाएंगे। सायंकाल के समय कहीं बाहर घूमने का मन बनाया जा सकता है। आज के दिन की गई यात्रा सफल होगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपकी राशि का स्वामी शनि द्वितीय भाव में आपके भाग्य की वृद्धि करेगा। संतान पक्ष से भी हर्षवर्धक समाचार मिलेगा, जिससे समाज में आपके सम्मान की वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की से विरोधियों का मनोबल गिरेगा। भविष्य के किसी प्रोजेक्ट पर अभी से काम किया जा सकता है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क राशि का होकर पंचम संतान भाव में चल रहा है। आज के दिन आपको विशेष सफलता मिलेगी। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। आज विशेष कार्यों में फैसले लेते समय आपकी राय भी ली जाएगी। धार्मिक कार्यों में रुचि व निकट की यात्रा संभव है। रात्रि का कुछ समय आज अपने परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

## क्या कहते हैं आपके नंबर

(19 जनवरी - 25 जनवरी 2026)


आचार्य नंदिता पांडे



**मूलांक 1**
(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं आपके प्रोजेक्ट समय पर पूर्ण होते जाएंगे। इस सप्ताह से आपकी कार्यशैली में भी काफी बदलाव रहेगा एवं कोई नया प्रोजेक्ट आपको अपनी तरफ आपको आकर्षित करेगा। इस सप्ताह धन वृद्धि के शुभ संयोग बन रहे हैं एवं निवेशों द्वारा धन लाभ की प्रबल स्थितियां रहेंगी। इस सप्ताह लव लाइफ में भी खुशियां दस्तक देंगी। सप्ताह के उत्तरार्ध का भी समय अनुकूल रहेगा।

**मूलांक 2**
(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं जीवन में सफलता के मार्ग प्रशस्त होंगे। इस सप्ताह आप अपने प्रोजेक्ट की सफलता से प्रसन्न रहेंगे एवं रिलैक्स महसूस करेंगे। इस सप्ताह आपकी लव लाइफ में भी खुशियां दस्तक दे रही हैं एवं आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा। इस सप्ताह आर्थिक मामलों की तरफ आपको ध्यान देना चाहिए। सप्ताह के अंत में भावनात्मक कारणों की वजह से समय प्रतिकूल रहेगा।

**मूलांक 3**
(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)
इस सप्ताह आपका मन प्रसन्न रहेगा और नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं लव लाइफ में सुख-समृद्धि के योग बन रहे हैं। आप अपने जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर घूमने-फिरने का मन भी बना सकते हैं। इस सप्ताह आपके कार्यक्षेत्र में किसी प्रोजेक्ट से दूरी स्थापित हो सकती है। सप्ताह के उत्तरार्ध में अपनी सोच पर अडिग रहेंगे तो अधिक उन्नति करेंगे।

**मूलांक 4**
(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)
कार्यक्षेत्र में किसी नए प्रोजेक्ट द्वारा सफलता हासिल होगी एवं सुख समृद्धि के संयोग भी बनेंगे। आर्थिक मामलों में भी सफलता हासिल होगी एवं आय के नए स्रोत खुलते जाएंगे। इस सप्ताह बिजनेस ट्रिप्स द्वारा भी सफलता हासिल होगी एवं धन लाभ के शुभ संयोग बनते जाएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम में वृद्धि होगी एवं लव लाइफ रोमांटिक रहेगी। सप्ताहांत में किसी समाचार को प्राप्त कर मन दुखी हो सकता है।

**मूलांक 5**
(जन्म तिथि 5, 14, 23)
इस सप्ताह आपके प्रेम संबंध में खुशियां दस्तक दे रही हैं एवं मन प्रसन्न रहेगा। यह सप्ताह कार्यक्षेत्र के लिए भी शुभ सप्ताह है एवं प्रोजेक्ट समय पर पूर्ण होते जाएंगे। हो सकता है कि आपकी अपेक्षाओं से कमतर हो लेकिन फिर भी सफलता अवश्य मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ होगा। सप्ताहांत में आप अपने व्यवहार से बहुत कुछ हासिल करने में सक्षम रहेंगे।

**मूलांक 6**
(जन्म तिथि 6, 15, 24)
इस सप्ताह प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं आप अपनी लव लाइफ में प्रसन्न रहेंगे। जीवन में सुख समृद्धि के शुभ संयोग बनते जाएंगे एवं उन्नति के द्वार खुलेंगे। आर्थिक मामलों में सोच-समझ कर फैसले लेंगे तो बेहतर होगा। प्रेम संबंधों में सुधार संभव है।

**मूलांक 7**
(जन्म तिथि 7, 16, 25)
इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति होगी एवं समय अनुकूल होता जाएगा। प्रेम संबंध में आपसी समझ काफी बेहतर होगी एवं लव लाइफ में सुखद अनुभव रहेंगे। इस सप्ताह आर्थिक मामलों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, अन्यथा आपकी लापरवाही की वजह से व्यय अधिक हो सकते हैं। सप्ताहांत में मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**मूलांक 8**
(जन्म तिथि 8, 17, 26)
इस सप्ताह प्रेम संबंध में समय अनुकूल रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आपका समय उत्तम है एवं धन लाभ की प्रबल स्थितियां भी बन रही हैं। इस सप्ताह आपका आकर्षण किसी निवेश की तरफ बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में भी धीरे-धीरे उन्नति होगी।

**मूलांक 9**
(जन्म तिथि 9, 18, 27)
कार्यक्षेत्र में सप्ताह की शुरुआत में सुखद समाचार मिल सकता है एवं प्रोजेक्ट समय पर पूर्ण होते जाएंगे। इस सप्ताह आपकी लव लाइफ में एक बैलेंस बना कर रखेंगे तो आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा। आर्थिक मामलों में व्यय की स्थितियां बनती जाएंगी एवं इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। सप्ताहांत में किसी भी बात को लेकर मन चिंतित रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष मंगल वर्ष का स्वामी है। चंद्रमा सप्तम भाव में होने से आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। बौद्धिक प्रयासों में भी आशातीत सफलता का हर्ष होगा। कुछ जातकों को जनवरी-फरवरी में अनियोजित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। मार्च-अप्रैल में मंगल का आपके कर्म क्षेत्र में हावी रहेगा। यह समय मई से। जून तक रहेगा। जुलाई से अगस्त तक का समय नए व्यापारिक कार्य करने के लिए श्रेष्ठ है। सितंबर के उपरांत अविवाहित जातकों का भाग्योदय अपने पुरुषार्थ एवं बुद्धिबल से होगा। अक्टूबर से नवंबर अंत तक बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति के योग हैं। विद्यार्थियों के लिए वर्ष उत्साहजनक होगा। महिलाओं के लिए वर्ष का उत्तरार्द्ध दांपत्य जीवन सुखी व समृद्धिकारक विशेष रूप से रहेगा। दिसंबर में हनुमान जी पर प्रत्येक शनिवार को चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर चढ़ाना शुभ रहेगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (मंगलवार, 20 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 30, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, द्वितीया, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 7, रजब 30, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 20 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक। द्वितीया तिथि अर्धरात्रोत्तर 4 बजकर 4 मिनट तक। श्रवण नक्षत्र मध्याह्न 1 बजकर 3 मिनट तक। चंद्रमा अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 35 मिनट तक मकर उपरांत कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार श्री वल्लभ जयंती, गुप्त नवरात्रारंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 8 | | | 2 | 5 |
| 1 | | 5 | 9 | | | 8 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | 3 | | 4 | |
| 2 | | | | 6 | | | | 7 |
| | 9 | | 4 | | 1 | | | |
| | 1 | | | | | | 3 | |
| | | 9 | | | 8 | 7 | | 6 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | 1 |

### TELEVISION




09:00 बबलू डबलू
10:00 [illegible]
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भाड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 वीर

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in